वर्ष : 33 ▸ अंक : 344 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 1 मार्च 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



रेस 4 में दिखेंगी रकुल प्रीत सिंह
पेज - 7

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

गैंगस्टरों की खैर नहीं...
पेज - 8



# स्वारगेट दुष्कर्म मामला

# 68 घंटे बाद 'दरिंदा' गिरफ्तार

## कोर्ट ने आरोपी को 12 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेजा

- आरोपी के खिलाफ पहले से ही कई अपराध दर्ज हैं



**डीबीडी संवाददाता | पुणे**

स्वारगेट एसटी डिपो बलात्कार मामले के आरोपी दत्तात्रेय गाडे को पुलिस ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान के बाद 68 घंटे बाद आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। उसे 27 फरवरी की देर रात करीब डेढ़ बजे गुनात गांव से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आज उसे पुणे में शिवाजी कोर्ट में पेश किया गया। इस बार पुलिस ने उसकी 14 दिन की पुलिस हिरासत मांगी थी। सरकारी वकील और आरोपी के वकीलों की दलीलों के बाद अदालत ने आरोपी दत्तात्रेय गाडे को 12 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।



### आरोपी ने पीड़िता से मारपीट भी की

उन्होंने आगे कहा कि आरोपी ने पीड़िता को बस दिखाई थी। उसने ऐसा दिखावा किया जैसे बस में बहुत से लोग हैं। लेकिन बस पूरी तरह खाली थी। पीड़िता ने बस से बाहर निकलने की कोशिश की और युवती ने आरोपी से उसे बाहर निकालने का अनुरोध भी किया। लेकिन आरोपी ने उसके साथ जबरन बलात्कार किया। उसने पीड़िता के साथ मारपीट की और दो बार उसका यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद वह भाग निकला था। फिर एक मित्र की सलाह पर पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई और मामला दर्ज किया गया। हमने कई सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। दत्तात्रय गाडे को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी बहुत चालाक है। वह अपना मोबाइल फोन बंद करके घूम रहा था। उसके खिलाफ कई अपराध भी दर्ज हैं। वे उसका मोबाइल फोन और कपड़े जब्त करना चाहते हैं। मेडिकल टेस्ट आवश्यक है। हम यह भी जांच करना चाहते हैं कि क्या उसका कोई अन्य साथी भी है।



“ आज कुछ चीजें पुलिस कमिश्नर ने आपके सामने रखी है। अभी सारी प्रक्रिया चल रही है ऐसे में सभी चीजें सामने रखना ठीक नहीं है। इसमें फॉरेंसिक टीम ने जो तफ्तीश की है, वो भी हमारे सामने आई हुई हैं। निश्चित रूप से इसकी सारी जानकारी सभी को मिलेगी और इस प्रकार से बस डिपो में ऐसी घटनाएं न हो, इस दृष्टि से भी आगे कार्रवाई की जाएगी। – **देवेंद्र फडणवीस, सीएम**

“ पुणे केस के लिए स्पेशल काउंसिल की नियुक्ति की जाएगी, ताकि फास्ट ट्रैक तरीके से इस मामले को आगे ले जाया जा सके. हमारी पूरी कोशिश रहेगी कि आरोपी को जल्द से जल्द सजा मिल सके। – **अमितेश कुमार, पुलिस कमिश्नर**

### ताई बोलकर भरोसा जीता

इस दौरान मामले के जांच अधिकारी युवराज नांद्रे ने जज के सामने घटना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बताया गया है कि सुनवाई खाली अदालत में हुई। इस समय युवराज नांद्रे ने घटना का विवरण देते हुए कहा कि यह घटना 25 फरवरी को स्वारगेट पुलिस स्टेशन की सीमा में घटी। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। इस घटना में पीड़िता अपने पैतृक गांव जाने के लिए स्वारगेट एसटी स्टैंड पर पहुंची थी। अचानक एक व्यक्ति पीड़िता के पास आया और उससे पूछा कि वह कहां जा रही है? जांच अधिकारी ने यह भी कहा कि वह पीड़िता से कंडक्टर के तौर पर बात कर रहा था और ताई कहकर उसका विश्वास हासिल कर रहा था।

# मातोश्री में उद्धव की मैराथन बैठक

## बीएमसी चुनाव पर बनी रणनीति

- पार्टी नेताओं को दिया एकजुट रहने का मंत्र



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को पार्टी विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ अहम बैठक की। मातोश्री में हुई इस बैठक में विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति, एकनाथ शिंदे गुट द्वारा नेताओं को तोड़ने की कोशिशों और आगामी नगर निगम चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कुल तीन चरणों में लगातार 5 घंटे की मैराथन बैठक में सरकार को घेरने जैसे मुद्दों पर भी रणनीति बनाई गई।

### विपक्ष के नेता पद पर चर्चा

इस बैठक में विधानसभा में विपक्ष के नेता पद के संभावित उम्मीदवारों पर चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक भास्कर जाधव, आदित्य ठाकरे और सुनील प्रभु का नाम सभी विधायकों ने लिया है। उद्धव ठाकरे ने साफ किया कि जिस भी नेता को इस पद पर नियुक्त किया जाएगा, वह महाविकास अघाड़ी के समर्थन से सरकार की नीतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएगा। बैठक के दौरान उद्धव ठाकरे ने महाकुंभ में शामिल न होने के आरोपों पर भी प्रतिक्रिया दी।

### ‘अगर हमें तोड़ने की कोशिश की तो सिर फोड़ देंगे’

उद्धव ठाकरे ने बैठक के दौरान विधायकों को महंगाई, किसानों की समस्या, बेरोजगारी और मराठा आरक्षण जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्हें एकनाथ शिंदे गुट द्वारा नेताओं को तोड़ने की कोशिश– ऑपरेशन टाइगर का हल निकालने का भी निर्देश दिया। पिछले कुछ महीनों में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट ने यूबीटी शिवसेना के कई नेताओं को अपने पाले में शामिल किया है। इसमें सिंधुदुर्ग जिला प्रमुख संजय पडटे और पूर्व विधायक राजन साल्वी शामिल हैं। इसके अलावा निर्दलीय विधायक शरद सोनावणे ने भी शिंदे गुट में शामिल होने का ऐलान किया है।

# शनिवार को दिखेगा चांद

## रविवार को रखा जाएगा पहला रोज़ा

- जामा मस्जिद के इमाम का ऐलान

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दुनियाभर के मुसलमान साल के सबसे पवित्र महीने रमज़ान के पहले दिन की तैयारी कर रहे हैं। अर्धचंद्राकार चांद दिखने के साथ ही रमज़ान के महीने में रोज़ा रखा जाएगा। ऐसे में शनिवार को चांद दिखने की पूरी संभावना है। रमज़ान इस्लामी कैलेंडर के नौवें महीने की शुरुआत और सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच 29 से 30 दिनों के उपवास की अवधि की शुरुआत का प्रतीक है। मालूम हो कि रमज़ान इस्लाम धर्म का पवित्र महीना है, जो इस्लामी कैलेंडर (हिजरी) का नौवां महीना होता है। यह महीना मुसलमानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दौरान रोज़ा (उपवास) रखा जाता है।



# ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने बढ़ाई देश की जीडीपी ग्रोथ

- अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 6.2% पहुंची जीडीपी, रूरल कंजप्शन ने संभाली स्थिति

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश की अर्थव्यवस्था को गांवों ने एक बार फिर सहारा दिया है। जुलाई-सितंबर तिमाही में GDP ग्रोथ रेट 5.6% तक गिरने के बाद, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यह 6.2% तक बाउंस बैक कर गई है। इस वृद्धि में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का बड़ा योगदान माना जा रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के अनुसार, पिछले साल के अच्छे मानसून की वजह से गांवों में आमदनी बढ़ी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खपत (रूरल कंजप्शन) भी बढ़ा। यही कारण है कि देश की जीडीपी को संबल मिला और तिमाही वृद्धि दर 6.2% तक पहुंच गई।




### सरकारी खर्च और उद्योगों की बेहतरी से मिला समर्थन

इस दौरान सरकार के बढ़े खर्च ने भी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी। हालांकि, यह पिछले वित्त वर्ष (2023-24) की इसी तिमाही में 9.5% रही GDP ग्रोथ के मुकाबले काफी कम है। NSO के ताजा अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2024-25) में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5% रह सकती है। जनवरी 2025 में जारी अनुमान में इसे 6.4% बताया गया था। वहीं, पिछले वित्त वर्ष (2023-24) की GDP ग्रोथ को संशोधित कर 9.2% कर दिया गया है, जो पहले 8.2% बताई गई थी।

## रेलवे स्टेशन भगदड़ मामला

# 200 लोगों की मौत का दावा करने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की

**एजेंसी | नई दिल्ली**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। इस हादसे के बाद से ही रेलवे प्रशासन की ओर से मौत को लेकर जारी आंकड़ों को गलत ठहराया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने हादसे पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस भगदड़ में 18 लोगों की जान गई थी, जबकि कई अन्य संगठनों द्वारा दावा किया जा रहा है कि रेलवे गलत आंकड़ा पेश कर रही है। इसी को लेकर आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर हादसे में 200 मौत होने का दावा किया था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है।



### सीबीआई जांच की उठाई थी मांग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि 15 फरवरी की रात रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ में 200 लोगों की मौत हुई है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के सामने यह भी मांग रखी है कि रेलवे अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच हो और अस्पतालों तथा स्टेशन के सभी सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित किया जाए।

## चारों तरफ बर्फ, भारी स्नोफॉल

# चमोली में 'जिंदगी' की जंग

- सांसत में 25 जानें
- अब तक 32 बचाए गए

**एजेंसी | चमोली**

उत्तराखंड के चमोली जिले में माणा गांव के पास शुक्रवार सुबह 7:15 बजे एवलांच (बर्फीला तूफान) आ गया। इसमें बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (BRO) के 57 मजदूर दब गए।

ITBP, BRO, SDRF और NDRF की टीमों ने अब तक 32 मजदूरों को बचा लिया है। लेकिन 25 मजदूर अब भी लापता हैं। 3200 मीटर की ऊंचाई पर 6 फीट बर्फ जमा होने के कारण बचाव कार्य मुश्किल हो गया है। फिलहाल, इलाके में तेज बर्फबारी के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा है। रेस्क्यू किए गए सभी मजदूरों को माणा गांव के ITBP कैंप में लाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। इनमें से 4 मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है।



### CM धामी ने की बैठक, गृह मंत्री और रक्षामंत्री भी सतर्क

हादसे के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने SDRF अधिकारियों के साथ बैठक की। गृह मंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सेना, ITBP और NDRF से हादसे की जानकारी ली और जल्द राहत कार्य के निर्देश दिए। माणा गांव तिब्बत सीमा के पास स्थित भारत का आखिरी गांव है, जहां BRO द्वारा सड़क निर्माण कार्य चल रहा था।

# रोहिंग्या बच्चे सरकारी स्कूलों में ले सकेंगे प्रवेश

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक आदेश में कहा कि रोहिंग्या शरणार्थी बच्चे सरकारी स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं, और अगर उन्हें इनकार किया जाता है, तो वे हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। याचिका में दिल्ली सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी कि यूएनएचसीआर कार्ड धारक रोहिंग्या बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिया जाए।



### 500 बच्चों को मिलेगा लाभ

वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंसाल्विस, जो 'रोहिंग्या मानवाधिकार पहल' का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, ने बताया कि इस फैसले से सीधे 500 रोहिंग्या छात्रों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश मिल सकेगा। उन्होंने कहा, 'मैं 2018 से इस मुद्दे के लिए लड़ रहा हूं और इस फैसले से बड़ी राहत मिलेगी।'

# सीएम फडणवीस के कार्यालय को उड़ाने की धमकी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय को उड़ाने की धमकी पाकिस्तान से आए एक मोबाइल नंबर से दी गई है। इस मामले की जांच में जुटी वर्ली पुलिस और मुंबई क्राइम ब्रांच ने इसकी पुष्टि की है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर बीते बुधवार दोपहर यह धमकी भरा मैसेज भेजा गया था। संदेश में कहा गया कि जल्द ही मुख्यमंत्री के कार्यालय पर हमला किया जाएगा और हमलावर अपने धर्म की पहचान छिपाकर वारदात को अंजाम देगा।

### पाकिस्तान से आया कॉल



### सुरक्षा बढ़ाई गई, पुलिस जांच में जुटी

धमकी मिलने के बाद देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। वर्ली पुलिस और क्राइम ब्रांच संदिग्ध नंबर को ट्रेस कर रही है। संदेश भेजने वाले ने अपना नाम मलिक शाहबाज हुमायूं राजा देव बताया है और कहा है कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के कार्यालय पर हमले की योजना बना रहा है।

### वीपीएन का इस्तेमाल नहीं, पाकिस्तान से डायरेक्ट मैसेज

पुलिस जांच में यह सामने आया है कि संदिग्ध ने वीपीएन (VPN) का इस्तेमाल नहीं किया, जिससे उसका पता लगाना आसान हो सकता है। हालांकि, तीन दिन बाद भी पुलिस हमलावर की सटीक पहचान नहीं कर पाई है।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट घोटाला

# कांग्रेस और राकांपा (शरद) का सरकार पर हमला

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य किए जाने को लेकर कांग्रेस और राकांपा (शरद पवार गुट) ने सरकार पर घोटाले का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने इसे जनता के साथ लूट बताया, जबकि जितेंद्र आव्हाड ने इसे महाराष्ट्र का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया है।




### महाराष्ट्र में दोगुनी कीमत पर क्यों मिल रही हैं नंबर प्लेट?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर एचएसआरपी की कीमतों में कमी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य राज्यों की तुलना में महाराष्ट्र में दोगुने दाम वसूले जा रहे हैं। दूसरे राज्यों में दोपहिया वाहनों के लिए 200 रुपये में एचएसआरपी लगाई जा रही है, जबकि महाराष्ट्र में* यह 450 रुपये में लग रही है। तिपहिया वाहनों के लिए महाराष्ट्र में 500 रुपये, जबकि अन्य राज्यों में इससे कम कीमत ली जा रही है। चार पहिया वाहनों के लिए महाराष्ट्र में 745 रुपये वसूले जा रहे हैं।

### महाराष्ट्र में सबसे बड़ा घोटाला : जितेंद्र आव्हाड

राकांपा (शरद) नेता जितेंद्र आव्हाड ने आरोप लगाया कि वाहन सुरक्षा के नाम पर सरकार वाहन मालिकों को लूटने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा, ₹दूसरे राज्यों की तुलना में महाराष्ट्र में नंबर प्लेट की कीमतें दोगुनी कर दी गई हैं। यह एक बड़ा घोटाला है और हम इसे विधानमंडल के आगामी बजट सत्र में उठाएंगे।₹

...पेज 2 भी देखें

समंदर में फूटा आग का बवंडर

# मछली पकड़ने वाली नाव में भीषण आग, 80 प्रतिशत जलकर राख

## सभी 18 नाविक सुरक्षित

**डीबीडी संवाददाता | अलीबाग**

अलीबाग तट के पास शुक्रवार तड़के एक मछली पकड़ने वाली नाव में भीषण आग लग गई। इस हादसे में नाव का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा जलकर राख हो गया। हालांकि, गनीमत रही कि नाव पर सवार सभी 18 नाविकों को समय रहते बचा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ।



### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें समुद्र के बीचों-बीच नाव धू-धू कर जलती हुई नजर आ रही है। आग इतनी भयंकर थी कि नाव पूरी तरह से आग के गोले में तब्दील हो गई और काले धुएं का गुबार उठता दिखा।

### आग का कारण अज्ञात, शॉर्ट सर्किट की आशंका

अधिकारियों के अनुसार, आग सुबह 3-4 बजे के करीब लगी, जब नाव तट से लगभग 6-7 समुद्री मील दूर थी। आग लगने की सूचना मिलते ही भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना ने तुरंत राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। हालांकि, आग लगने का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण माना जा रहा है।

### नाव और सामान जलकर राख

राकेश मारुति गण की स्वामित्व वाली इस नाव में रखा मछली पकड़ने का जाल और अन्य सामान पूरी तरह से जल गया। आग इतनी तेजी से फैली कि चालक दल के सदस्यों में दहशत फैल गई, लेकिन समय पर स्थानीय मछुआरों, तटरक्षक और नौसेना की नावों की मदद से सभी को सुरक्षित बचा लिया गया।

### आग के कारणों की जांच जारी

अधिकारियों ने बताया कि आग के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए समुद्री सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है।

# महाराष्ट्र बना स्टार्टअप की राजधानी: सीएम फडणवीस

## मुंबई टेक वीक में हुए शामिल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को मुंबई टेक वीक में महाराष्ट्र को स्टार्टअप की राजधानी घोषित किया। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया के हालिया आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि महाराष्ट्र संस्थाओं की संख्या और उनके द्वारा जुटाई गई पूंजी दोनों के संदर्भ में देश में अग्रणी है। राज्य में 30 प्रतिशत स्टार्टअप टेक्नोलॉजी आधारित हैं।

### एनपीसीआई को बीकेसी में वैश्विक मुख्यालय के लिए भूमि आवंटित




मुख्यमंत्री फडणवीस एमएमआरडीए और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के बीच एमओयू के आदान-प्रदान में शामिल हुए। एमएमआरडीए ने एनपीसीआई को बीकेसी, मुंबई में अपना वैश्विक मुख्यालय स्थापित करने के लिए एक भूखंड आवंटित किया। एनपीसीआई ने इस फैसले के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा और एडवोकेट आशीष शेलार भी उपस्थित थे।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर फडणवीस की चिंता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्थानीय निकायों में जनप्रतिनिधियों की कमी को लेकर वे चिंतित हैं और नगर निकाय चुनाव जल्द से जल्द कराने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल उच्चतम न्यायालय ही इस पर अंतिम निर्णय ले सकता है और उम्मीद जताई कि दो दिनों में सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला आ सकता है।

### युवाओं को तनाव प्रबंधन की सलाह

मुख्यमंत्री ने युवाओं से तनाव प्रबंधन के लिए बेहतर उपाय अपनाने की सलाह दी और कहा कि टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप के बढ़ते माहौल में मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना भी उतना ही जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### पालघर पुलिस महाराष्ट्र में अव्वल

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

पालघर पुलिस को महाराष्ट्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिस विभाग के रूप में चिन्हित किया गया है। पालघर पुलिस ने 100-दिवसीय शासन सुधार अभियान के तहत पहला स्थान हासिल किया है। पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, शासन सुधार अभियान के तहत 50 दिनों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई जिसमें पालघर शीर्ष स्थान पर रहा। यह अभियान सात जनवरी से शुरु किया गया था और 16 अप्रैल को संपन्न होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) बालासाहेब पाटिल को प्रशंसा पत्र प्रदान किया और पालघर पुलिस विभाग की नेतृत्व क्षमता और संचालन में उत्कृष्टता की सराहना की।

### सीएसएमटी पर प्लेटफॉर्म विस्तार के लिए दो दिन का ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



मध्य रेलवे ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर 24 कोच वाली ट्रेनों के लिए प्लेटफॉर्म विस्तार का कार्य करने के लिए शुक्रवार रात से दो दिन का विशेष ब्लॉक लगाने की घोषणा की है। इस दौरान कई उपनगरीय और लंबी दूरी की ट्रेनें प्रभावित होंगी।

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि यह ब्लॉक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यों के पहले और बाद में किया जाएगा।

पहला चरणः शुक्रवार रात 11:30 बजे से शनिवार सुबह 4:30 बजे तक

दूसरा चरणः शनिवार रात 11:15 बजे से रविवार सुबह 9:15 बजे तक

इस ब्लॉक के कारण सीएसएमटी से चलने और यहां पहुंचने वाली कई लोकल और लंबी दूरी की ट्रेनें प्रभावित होंगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले अपने ट्रेन शेड्यूल की पुष्टि कर लें।

### यूपी से लापता युवती की मुंबई में मिली लाश, प्रेमी गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

गोरखपुर से लापता प्रिया सिंह की दो माह पूर्व हुई हत्या का खुलासा हो गया है। उसकी लाश पालघर जिले के नायगांव क्षेत्र के एक नाले से मिली थी। प्रिया के प्रेमी अमित पर हत्या करने का आरोप है। क्राइम ब्रांच टीम ने प्रिया का मोबाइल फोन दिल्ली से बरामद कर प्रेमी अमित को गिरफ्तार किया है।

# उल्हासनगर में 547 पिपानी जब्त

## ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए मनपा की कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**




महाशिवरात्रि के अवसर पर उल्हासनगर महानगरपालिका ने सड़क किनारे स्टॉल लगाकर भोंगा और पिपानी (पाइप) बेचने वाले फेरीवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान 547 पिपानी, 200 कप और दो किलो प्लास्टिक जब्त किया गया, साथ ही 32,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह कदम ध्वनि प्रदूषण और प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया गया।

### मनपा की टीम ने की कार्रवाई

मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले के आदेश पर, अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस के मार्गदर्शन में सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी मनीष हिवारे, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनोद केने और सार्वजनिक आरोग्य विभाग के एकनाथ पवार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने अंबरनाथ स्थित शिव मंदिर, उल्हासनगर-3 के हीराघाट से पवई चौक तक सड़क किनारे लगे स्टॉल्स पर कार्रवाई की। इस दौरान पिपानी और प्रतिबंधित प्लास्टिक के बर्तन बेचने वाली सैकड़ों दुकानों पर छापा मारा गया।

### यातायात और सुरक्षा के कड़े इंतजाम

श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस ने मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री पर प्रतिबंध लगाया। यातायात शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश भामरे की देखरेख में वार्डन और पुलिसकर्मियों को सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात किया गया। मनपा के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी रात 2 बजे तक मेला क्षेत्र में प्लास्टिक के कप, स्ट्रॉ और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों पर नजर बनाए रहे।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए 15,086 वाहनों का ऑनलाइन आवेदन

## 30 अप्रैल तक नंबर प्लेट लगवाने की अपील

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र सरकार द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (HSRP) को अनिवार्य किए जाने के बाद 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों पर नई नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ठाणे क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट पर 15,086 वाहन मालिकों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। फर्जी नंबर प्लेट के इस्तेमाल से अपराधों को रोकने और गाड़ियों की असली पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने 4 दिसंबर 2024 को एक नया मॉडल ऑपरेटिंग सिस्टम जारी किया था। अब सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य कर दी गई है।

### बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई



क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के मार्गदर्शन में 28 फरवरी 2025 तक लगभग 15086 हजार पुराने वाहनों ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। इनमें से 2 हजार 169 नंबर प्लेटें लगाई जा चुकी हैं। उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर ने बताया कि 4 हजार 420 वाहनों को अपॉइंटमेंट दिया गया है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए तीन अधिकृत कंपनियों को नियुक्त किया है।यदि ऐसी नंबर प्लेट किसी अनधिकृत विक्रेता द्वारा लगाई जाती है तो वाहन केंद्र सरकार के डेटाबेस में पंजीकृत नहीं होगा।इससे 30 अप्रैल 2025 के बाद बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है।

# मुंबई लोकल सेवा बाधित

**कल्याण।** शुक्रवार को अम्बिवली और टिटवाला के बीच रेलवे ट्रैक के पास घास में अचानक आग लग गई, जिससे भारी हंगामा मच गया। आग से रेलवे की सिग्नल प्रणाली के केबल नष्ट हो गए, जिससे मध्य रेलवे लाइन पर स्थानीय और मेल ट्रेन यातायात में भारी व्यवधान उत्पन्न हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाम को कार्यालय से घर लौट रहे कर्मचारियों को इस हादसे के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ी। कल्याण और कर्जत के बीच रेल यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। कई यात्री प्लेटफॉर्म पर फंसे रहे क्योंकि ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से चल रही थीं। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे की तकनीकी टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। केबलों की मरम्मत के प्रयास शुरू किए गए। सिग्नल प्रणाली बंद होने के कारण मैनुअल सिग्नल के माध्यम से रेल सेवा शुरू की गई। आखिरकार ढाई घंटे के अथक प्रयास के बाद तकनीकी टीम ने जले हुए केबलों की मरम्मत कर सिग्नल प्रणाली को बहाल कर दिया।

# ठाणे में पॉड टैक्सी पायलट प्रोजेक्ट की होगी शुरुआत

## परिवहन मंत्री ने सरकारी जमीन पर कब्जा और अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे**

राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की अध्यक्षता में आज ठाणे मनपा मुख्यालय में शहर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए स्वचालित पॉड टैक्सी परियोजना को लागू करने पर चर्चा की गई। परिवहन मंत्री सरनाईक ने बताया कि इस परियोजना का पायलट चरण ठाणे मनपा क्षेत्र में घोड़बंदर रोड से भायंदर पाड़ा मेट्रो स्टेशन तक और विहंग हिल्स सर्कल तक शुरू किया जाएगा।



### परियोजना की समीक्षा और भविष्य की योजनाएं

बैठक में महामेट्रो के प्रबंध निदेशक श्रवण हार्डिकर, अतिरिक्त मनपा आयुक्त प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनगरा, उपायुक्त जी.जी. गोदेपुरे, कार्यकारी अभियंता संजय कदम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री सरनाईक ने स्विमिंग पूल, श्मशान घाट, पार्क, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर विपश्यना केंद्र और लता मंगेशकर संगीत विद्यालय सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण या अतिक्रमण हटाने की जरूरत है, उन्हें 15 मार्च तक पूरा किया जाए और अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### मीरा-भायंदर में भी लागू होगी योजना

तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बीकेसी में इस परियोजना को प्रायोगिक रूप से मंजूरी दी थी। अब इसी तर्ज पर मीरा-भायंदर, जे.पी. इंफ्रास्ट्रक्चर, शिवाजी महाराज प्रतिमा और भायंदर पाड़ा मेट्रो स्टेशन से विहंग हिल्स सर्कल के बीच स्वचालित पॉड टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी।

### भविष्य की संभावनाएं

मंत्री सरनाईक ने कहा कि यदि यह पायलट परियोजना सफल रहती है, तो ठाणे और मीरा-भायंदर मेट्रो क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक पॉड टैक्सियों का एक व्यापक नेटवर्क विकसित किया जा सकता है, जिससे शहर में यातायात की भीड़ को कम करने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में मदद मिलेगी।

### गुजरात के बड़ौदा में सफल मॉडल का निरीक्षण

मंत्री सरनाईक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में न्यूट्रॉन ईवी मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बड़ौदा में स्वचालित पॉड टैक्सी परियोजना लागू की जा रही है। उन्होंने गुजरात दौरे पर जाकर इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया था।

# उलवे नीलकंठ महादेव मंदिर में गूंजा 'बम-बम भोले'

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

महाशिवरात्रि के अवसर पर उलवे के श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सोमवार देर रात से ही शिवभक्त जलाभिषेक के लिए मंदिर के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आए। पूरे मंदिर परिसर में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' की गूंज सुनाई देती रही। टेकड़ी पर स्थित महादेव मंदिर देवभूमि गार्डन में मंदिर प्रमुख संत भानु भाई और देवभूमि प्रतिभा



संस्कृति फाउंडेशन ने शिव भक्तों के लिए विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान की व्यवस्था की। भक्तों को ठंडाई और व्रत फलाहार भी वितरित किया गया।

### भजन, नृत्य और चार प्रहर की पूजा

मंदिर में चार प्रहर की पूजा, लाइव भजन संध्या और प्रसाद वितरण किया गया। उत्तराखंड समाज की महिला मंडलियों ने शिव भजन और नृत्य प्रस्तुत कर भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया।

### समाजसेवियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति

इस आयोजन में देवभूमि स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेश राणा, कौथिग के संयोजक मनोज भट्ट, समाजसेवी सत्येंद्र पंत, दीपक भट्ट, राकेश मंडल, योगेश वारे सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। भाजपा नेता हेमचंद्र पांडे, उत्तराखंडी लोकगायक सुरेश काला और सुशील जोशी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संत शिरोमणि रविदास को किया नमन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



ठाणेः संत परंपरा के महान योगी, समानता के प्रतीक और मानवता के संदेशवाहक संत शिरोमणि रविदास महाराज की 648वीं जयंती के अवसर पर ठाणे में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें शत्-शत् नमन करते हुए कहा कि हमें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए संत रविदास के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए।

### भव्य आयोजन में गणमान्य हुए शामिल

ठाणे महानगरपालिका और गुरु रविदास महाराज सार्वजनिक महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, विधायक संजय केलकर, अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, अध्यक्ष बालाजी कांबले, उपाध्यक्ष राजाभाऊ चव्हाण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# वर्ली में पेड़ों की कटाई, नौसेना पर आरोप

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के वर्ली गांव के पास भारतीय नौसेना द्वारा सौ से अधिक पेड़ काटे जाने की शिकायत के बाद वृक्ष प्राधिकरण समिति ने नौसेना को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### नौसेना द्वारा आवासीय परियोजना का निर्माण

भारतीय नौसेना वर्ली गांव के पास सीटीएस संख्या 233, जी-साउथ वार्ड में आईएनएस ट्राटा पर दो आवासीय परिसरों का निर्माण कर रही है। यह परिसर नौसेना के नाविकों के लिए तैयार किए जा रहे हैं। आईएनएस ट्राटा रक्षा मंत्रालय का एक महत्वपूर्ण 'ए1' श्रेणी का रक्षा बेस है।



### पेड़ों की कटाई पर विवाद

इस परियोजना के तहत 73 पेड़ों को उखाड़ने और दोगुने पेड़ लगाने की अनुमति दी गई थी। हालांकि, स्थानीय निवासी योगेश सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि निर्माण क्षेत्र में कई पेड़ गिर गए और नौसेना ने उन्हें अवैध रूप से काट दिया। आरोप है कि महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं संरक्षण अधिनियम, 1975 के तहत नगर वृक्ष प्राधिकरण से अनुमति नहीं ली गई थी।

### नौसेना का स्पष्टीकरण

भारतीय नौसेना ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि इस परियोजना के लिए पर्यावरण और सीआरजेड अनुमोदन पहले ही प्राप्त कर लिया गया है। नौसेना ने यह भी स्पष्ट किया कि परियोजना पूरी होने के बाद पर्याप्त संख्या में पेड़ लगाए जाएंगे। नौसेना ने कहा कि वह हरित पहल के प्रति प्रतिबद्ध है और देशभर में वृक्षारोपण अभियान चलाती रहती है।

# राज्यभर में ग्यारहवीं के दाखिले होंगे ऑनलाइन

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 से होगी नई व्यवस्था

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पूरे राज्य में ग्यारहवीं के दाखिले ऑनलाइन करने का फैसला किया है। अभी तक यह व्यवस्था केवल मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे, पिंपरी चिंचवड, अमरावती, नागपुर और नाशिक जैसे महानगर पालिका क्षेत्रों में लागू थी। लेकिन अब यह प्रणाली राज्यभर के सभी जूनियर कॉलेजों और महाविद्यालयों में लागू की जाएगी।



### शिक्षा आयुक्त संभालेंगे निगरानी की जिम्मेदारी

शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी शासनादेश में कहा गया है कि शिक्षा आयुक्त इस प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और शिक्षा निदेशालय (माध्यमिक व उच्च माध्यमिक) के जरिए इसे लागू किया जाएगा।

### विद्यार्थियों और अभिभावकों को मिलेगा प्रशिक्षण

शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे विद्यार्थियों और अभिभावकों को ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया की पूरी जानकारी दें और इसके लिए वीडियो गाइडेंस उपलब्ध कराएं।

### ऑनलाइन दाखिले से समय और खर्च की होगी बचत

अब तक ग्रामीण और छोटे शहरों के विद्यार्थियों को ऑफलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, जिससे समय, पैसा और श्रम अधिक खर्च होता था। इसी समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी ग्यारहवीं दाखिलों को एक ऑनलाइन प्रक्रिया से करने का निर्णय लिया है।

MMRC के लिए ऐतिहासिक दिन

# मुंबई की पहली भूमिगत 'एक्वा लाइन' हुई तैयार, कफ परेड पहुंची मेट्रो 3

**मुंबई।** मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ है। 'एक्वा लाइन' के नाम से जानी जाने वाली निर्माणाधीन मुंबई मेट्रो-3 ट्रेन ने अंतिम स्टेशन कफ परेड तक अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। मुंबईकरों की यात्रा को आसान बनाने वाली भूमिगत मेट्रो 3 ट्रेन का अंतिम स्टेशन कफ परेड तक सफलतापूर्वक ट्रायल रन हुआ। आचार्य अत्रे से कफ परेड मेट्रो लाइन को जल्द ही यात्री यातायात के लिए खोलने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।



### एक्वा लाइन की लंबाई 33.5 किमी

उल्लेखनीय है कि आरे से लेकर कफ़ परेड तक एक्वा लाइन की लंबाई 33.5 किमी है। इनमें से 12.69 किलोमीटर (आरे-जोगेश्वरी विक्रोली लिंक रोड से बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स – बीकेसी) का पहला चरण पिछले 7 अक्टूबर, 2024 को पीएम मोदी की उपस्थिति में यात्रियों के लिए खोल दिया गया था।

### तेजी से चल रहा कार्य

इसके बाद, दूसरे चरण (धारावी से आचार्य अत्रे चौक) का 9.77 किलोमीटर हिस्सा तेजी से पूरा होने की ओर अग्रसर है और इन स्टेशनों के बीच नियमित परीक्षण चल रहे हैं। यह चरण सात महत्वपूर्ण स्टेशनों को जोड़ेगा। शुक्रवार को सफल परीक्षण से 10.99 किलोमीटर लंबे चरण 2बी (आचार्य अत्रे चौक से कफ परेड) के निर्माण में तेजी आई है। ओवरहेड कैटेनरी सिस्टम (ओसीएस) और ट्रैक स्थापना का कार्य पूरा हो चुका है, और अब शेष सिस्टम यानी आर्किटेक्चरल फिनिशिंग और अन्य कार्य प्रगति पर हैं।

### जुलाई 2025 तक परिचालन

एमएमआरसी की एमडी अश्विनी भिडे ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि धारावी से आचार्य अत्रे चौक खंड का परीक्षण तेज गति से चल रहा है और अब मेट्रो ट्रेन आचार्य अत्रे चौक से कफ परेड खंड तक भी पहुंच गई है। हम जुलाई 2025 तक पूरे मार्ग पर परिचालन शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" वहीं एमएमआरसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर निदेशक एस. के. गुप्ता ने कहा कि मुंबईकरों को उत्कृष्ट और कुशल परिवहन सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से अंतिम चरण का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। सफल परीक्षण हमारी प्रगति का स्पष्ट प्रमाण हैं। जल्द ही मुंबईकरों को एक्वा लाइन के माध्यम से विश्व स्तरीय सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं मिलेंगी।

### मुंबई के यातायात को नया आयाम

इस सफल परीक्षण से मेट्रो-3 के कार्यान्वयन में तेजी आएगी। मेट्रो 3 के पूरी तरह चालू हो जाने पर पश्चिमी उपनगरों, बीकेसी और दक्षिण मुंबई को तीव्र और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधाएं मिलेंगी। इससे मुंबईवासियों का यात्रा सुलभ सुखद होने के साथ आर्थिक राजधानी में परिवहन को नया आयाम मिलेगा। जापान के सहयोग से शुरू की गई यह परियोजना कोरोना व अन्य कारणों की वजह से काफी लेट हो चुकी है,इससे इसकी लागत भी बढ़ चुकी है।

# आज अमेरिका रवाना होंगे नीलम शिंदे को पैरेंटस

## इमरजेंसी वीजा के लिए फडणवीस और सुप्रिया सुले को बोला, थैंक्यू

**मुंबई।** अमेरिका में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुईं भारतीय छात्रा नीलम शिंदे के परिवार वालों को अमेरिका जाने के लिए वीजा मिल गया है। अमेरिका के मुंबई में स्थित वाणिज्य दूतावास ने नीलम शिंदे के परिवार के सदस्यों को वीजा प्रदान कर दिया है। उसके रिश्तेदारों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नीलम के पिता ने बताया कि वह सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती है और कोमा में है। हालांकि, उसकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ है। एक दिन पहले विदेश मंत्रालय ने तत्काल वीजा जारी करने के परिवार के अनुरोध पर यह (वीजा जारी करने से संबंधित) मुद्दा अमेरिकी अधिकारियों के सामने उठाया था। उधर, नीलम के परिवार को वीजा मिलने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने विदेश मंत्री एस जयशंकर का आभार व्यक्त किया है।



**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

वरिष्ठ डीईई/पी/बीसीटी **ई-निविदा सूचना संख्या.: ईएल-81-5-35-डब्ल्यूए-77 दिनांक 25-02-2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** चरनी रोड चरनी रोड स्टेशन मुंबई डिवीजन पश्चिमी रेलवे पर आउटडोर सिग्नलिंग कार्य के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और कमीशनिंग के संबंध में विद्युत (पावर) कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** 34,03,474/- **बोली सुरक्षा ईएमडी की लागत:** 68,100/- **जमा करने की तिथि और समय:** 24.03.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 24.03.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 1131

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल , क्रमांक:1 **ई-टेंडर नोटिस क्रमांक: बीसीटी/24-25/294 दिनांक 26.02.2025 को आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** चर्चगेट-विरार खंडः- रेलवे भूमि को बाहरी लोगों द्वारा कचरा फेंकने से बचाने के लिए बाड़ लगाने का विस्तार। **कार्य की अनुमानित लागत:** 48,13,183.23 **ईएमडी:** 96,300/- । **क्रमांक: 2. ई-टेंडर नोटिस क्रमांक: बीसीटी/24-25/295 दिनांक 26.02.2025। कार्य और स्थान:** चर्चगेट-विरार सेक्शनः- विभिन्न स्वीकृत ट्रैक कार्यों के संबंध में ADEN (T/S) PL सेक्शन के अंतर्गत R-260 ग्रेड रेल की वेल्डिंग और प्री-फैब्रिकेटेड मोल्ड्स और सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ स्वचालित टेपिंग थिम्बल के साथ R-260 ग्रेड रेल के वेल्डिंग हिस्से की आपूर्ति। **कार्य की अनुमानित लागत:** 57,25,388.64 **EMD:** 1,14,500/- उपरोक्त दोनों निविदाएँ, **प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 21.03.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 21.03.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 1132

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे विभिन्न स्थानों के लिए त्यौहार विशेष ट्रेनें चलाएगा

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09324 | इंदौर - पुणे | 05.03.2025 से 25.06.2025 तक | 11:15 बजे. (बुधवार) | 03:10 बजे. (अगले दिन) |
| 09323 | पुणे - इंदौर | 06.03.2025 से 26.06.2025 तक | 05:10 बजे. (गुरुवार) | 23:55 बजे. (एक ही दिन) |
| **ठहराव:** देवास, उज्जैन, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, उधना, वलसाड, वापी, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण और लोनावाला स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| **संरचना:** एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच। | | | | |
| 09057 | उधना - मंगलुरु | 02.03.2025 से 29.06.2025 तक | 20:00 बजे. (बुधवार एवं रविवार) | 19:45 बजे. (अगले दिन) |
| 09058 | मंगलुरु - उधना | 03.03.2025 से 30.06.2025 तक | 22:10 बजे. (गुरुवार और सोमवार) | 23:05 बजे. (अगले दिन) |
| **ठहराव:** वलसाड, वापी, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, खेड़, चिपलून, सावरदा, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कंकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम, करमाली, मडगांव, कैनाकोना, कारवार, अंकोला, गोकर्ण रोड, कुमटा, मुरुडेश्वर, भटकल, मूकाम्बिका रोड, बिंदूर, कुंडापुरा, उडुपी, मुल्की और सुरथकल स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| **संरचना:** एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच। | | | | |
| 09001 | मुंबई सेंट्रल - खातीपुरा (सुपरफास्ट) | 03.03.2025 से 30.06.2025 तक | 22:20 बजे. (सोम, बुध और शनिवार) | 16:40 बजे. (अगले दिन) |
| 09002 | खातीपुरा - मुंबई सेंट्रल (सुपरफास्ट) | 04.03.2025 से 01.07.2025 तक | 19:05 बजे. (मंगलवार, गुरूवार और रविवार) | 13:30 बजे. (अगले दिन) |
| **ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, आणंद, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़ और जयपुर स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| **संरचना:** एसी 2-टियर और एसी 3-टियर कोच। | | | | |
| 09129 | बांद्रा (टी) - रीवा (अनारक्षित) | 06.03.2025 से 26.06.2025 तक | 04:30 बजे. (गुरुवार) | 07:00 बजे. (अगले दिन) |
| 09130 | रीवा - बान्द्रा (टी) (अनारक्षित) | 07.03.2025 से 27.06.2025 तक | 11:00 बजे. (शुक्रवार) | 12:15 बजे. (अगले दिन) |
| **ठहराव:** बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, जलगांव, भुसावल, खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर और सतना स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| **संरचना:** सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच। | | | | |

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नं. की बुकिंग 09057, 09001 01.03.2025 से खुलेगी, जबकि ट्रेन सं. 09324 सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर 02.03.2025 से खुलेगा। उपरोक्त रेलगाड़ियां विशेष किराये पर विशेष रेलगाड़ियों के रूप में चलेंगी।

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: x.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें

# शरद पवार गुट के नेताओं को सौंपी गई विभिन्न संभागों की जिम्मेदारियां



### शरद पवार ने दिए जरुरी निर्देश

**मुंबई।** वरिष्ठ नेता शरद पवार के नेतृत्व में शुक्रवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की बैठक हुई, जिसमें पार्टी के नेताओं को राज्य में संभागवार जिम्मेदारियां सौपी गई। पवार ने बैठक में पार्टी के नेताओं से राज्य के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा करने को कहा और उनसे सत्ता में सौ दिन पूरे करने वाली देवेंद्र फडणवीस सरकार के कामकाज पर नजर रखने को कहा।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) के लोकसभा सांस्द अमोल कोल्हे ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि (पार्टी के) नेताओं को विभिन्न संभागों की जिम्मेदारियां दी गई हैं। विदर्भ की जिम्मेदारी अनिल देशमुख और राजेंद्र शिंगणे को दी गई है, जबकि मराठवाड़ा की जिम्मेदारी राजेश टोपे और जयप्रकाश दांडेगांवकर को दी गई है। उन्होंने कहा, शशिकांत शिंदे और हर्षवर्धन पाटिल पश्चिमी महाराष्ट्र की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि कोंकण की जिम्मेदारी सुनील भुसारा और जितेंद्र आव्हाड को दी गई है। पार्टी नेता 7-8 मार्च से राज्य का दौरा करेंगे और तालुका स्तर पर बैठकें करेंगे ताकि पार्टी संगठन को मजबूत किया जा सके। कोल्हे ने कहा कि बढ़ती बिजली दरें और महिलाओं के खिलाफ अपराध और अत्याचारों में वृद्धि को उजागर किया जाएगा।

### महायुति में असंतोष और एकजुटता की कमी: अमोल कोल्हे

उन्होंने कहा, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ठीक काम कर रही है। महायुति गठबंधन में असंतोष और एकजुटता की कमी को उजाकर किया जाना चाहिए। हमने देखा है कि गृह राज्य मंत्री ने पुणे दुष्कर्म मामले पर बचकाने बयान दिए हैं। वह मंत्री योगेश कदम के गुरुवार को दिए बयान का जिक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि एमएसआरटीसी के स्वारगेट डिपो में खड़ी बस में हुए अपराध के बारे में लोगों को सतर्क नहीं किया गया, क्योंकि वहां 'कोई संघर्ष या बल प्रयोग नहीं हुआ' था। कोल्हे ने दावा किया कि मंत्रियों के पास ओएसडी और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की शक्तियां नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी महा विकास अघाड़ी को नहीं छोड़ेगा और कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन इस संबंध में झूठी कहानी फैला रहा है।

# भायखला में 57 मंजिला इमारत में आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के भायखला इलाके में शुक्रवार सुबह एक ऊंची इमारत में भीषण आग लग गई। घटना बी.ए. रोड पर स्थित न्यू ग्रेड इंस्टा मिल के पास सैलसेट बिल्डिंग नंबर 27 में हुई। आग 57 मंजिला इमारत की 42वीं मंजिल पर लगी थी।

बीएमसी के अनुसार, सुबह 10:45 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद मुंबई फायर ब्रिगेड (एमएफबी) ने इसे लेवल-1 (माइनर) फायर इमरजेंसी घोषित किया। मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, बेस्ट, वार्ड कर्मचारी और एम्बुलेंस सेवाएं तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आग इमारत के अंदर ही सीमित रही और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

**SRA/CO/OW/2025/2862** सहकार कक्ष, झोपुप्रा, बृहन्मुंबई
जा.क्र. झोपुप्रा/सनिस/कार्यासन-१/टे. सी. ४/सन २०२४
दिनांक : २८/०२/२०२५

**- : सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची नोटीस : -**

**श्री लक्ष्मीकृपा एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित, न.भू.क्र. ३/ए/१ (पार्ट), ऑफ व्हिलेज चारकोप, भाब्रेकर नगर, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई- ४०० ०६७** या संस्थेच्या मंजूर परिशिष्ट- २ व पुरवणी परिशिष्ट- २ मध्ये पात्र झालेल्या झोपडीधारक सभासदांना कळविण्यांत येते की, मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई यांचेकडील दिनांक १२.०२.२०२५ रोजीच्या पत्रान्वये प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२/दिनांक २३.१०.२०१५ नुसार एकूण २१७ निवासी पात्र झोपडीधारकांना पुनर्वसन इमारत क्र. १ मध्ये निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वाटप करण्यासाठी मी निम्नस्वाक्षरीकार माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यांत आलेली आहे.

**सदरहू संस्थेच्या पुनर्वसन इमारत क्र. १ मध्ये निवासी सदनिका वाटप सोडतीचा कार्यक्रम गुरुवार, दिनांक ०६/०३/२०२५ रोजी ठिक सकाळी ११:३०** वाजता प्राधिकरणाच्या कार्यालयात लॉटरी अलॉटमेंट पोर्टल सर्व्हर वर ऑनलाईन पध्दतीने झूम ॲप (Zoom App) वर आयोजित केलेला आहे.

**विषय : झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२/ दिनांक २३.१०.२०१५ नुसार ऑनलाईन झूम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन इमारत क्र. १ मध्ये एकूण २१७ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.**

हस्ता/-
**(आर.एन. हळदे)**
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी श्रेणी- १, झो.पु प्रा., बृहन्मुंबई.

ठिकाण : मुंबई
दिनांक : २८.०२.२०२५

टिप :
१) सोडतीसाठी पात्र (पती/पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरीमध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावे.
२) सोडतीच्या वेळी ज्या झोपडीधारकांचे नांव परिशिष्ट- २ मध्ये पात्र आहेत अशा व्यक्ती अंध, अपंग, विधवा महिला, कुटुंब प्रमुख यांनी पुनर्वसन इमारतीमधील खालच्या मजल्यावरील सदनिकांची प्राधिकरणाच्या sravcmumbai@gmail.com या ईमेल आयडीवर दिनांक ०४.०३.२०२५ पर्यंत लेखी पत्राने मागणी केल्यास परिपत्रकातील तरतुदीनुसार सदनिका वाटप करण्यांत येईल. सदर गटातील व्यक्तींनी ईमेल आयडीवर शासनमान्य अंध, अपंग, विधवा याबाबतचा पुरावा दाखला सादर करावा. तसेच विधवा झोपडीधारकांनी पतीचा मृत्यु दाखला सदर अर्जासोबत सादर करणे आवश्यक आहे.

**महाराष्ट्र शासन**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**
**निविदा सूचना**

खालील कामाच्या निविदा कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, २ रा माळा, बांधकाम भवन, २५ मर्झबानरोड, फोर्ट मुंबई ४०० ००१ दूरध्वनी क्रमांक २२०१६९७५ हे खालील कामासाठी सा.बां. विभागात योग्य वर्गात नोंदणीकृत ठेकेदारांकडून मागवित आहेत. ब-१ को-या निविदेचा नमुना, कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई यांचे कार्यालयातून दिनांक ३.३.२०२५ ते १०.३.२०२५ पर्यंत देण्यांत येईल. कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई हे भरुन पाठविलेल्या सिलबंद निविदा दिनांक ११.३.२०२५ पूर्वी / त्यादिवशी दुपारी २.०० वाजेपर्यंत स्विकारतील आणि शक्यतो त्याच दिवशी उपडतील.

| अ. क्र. | कामांचे नांव | अंदाजित किंमत (रु. लाखात) | इसारा रक्कम-(रुपये) | काम पूर्ण करण्याची कालमर्यादा | निविदेचा नमूना प्रकार | को-या निविदा नमुन्याची किंमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन कौन्सिल हॉल बिल्डिंग मुंबई येथे विधानभवन प्रांगणात पीओ कार्यासाठी विधानसभा आणि विधान परिषद सभागृहात टेबल आणि खुर्ची प्रदान करणे आणि निश्चित करणे. | ६,६४,३६०/- | ६,७००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 2 | ई.टी.एच. येथील तळमजल्यावरच्या सभागृहात संविधान मंचाच्या उद्घाटन समारंभाच्या संदर्भात दार, खिडकी, दगड साफ करणे, पॉइंटिंग, टॉयलेट, प्लास्टर, पेंटिंग आणि परिसराची साफसफाईची दुरुस्ती करणे. (भाग ४,५,६) | ७,५२,३२४/- | ७,६००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 3 | ई.टी.एच. तळमजल्यावरील सभागृहात संविधान मंचाच्या उद्घाटन समारंभाच्या संदर्भात दरवाजा, खिडकी, दगड साफ करणे, पॉइंटिंग, टॉयलेट, प्लास्टर, पेंटिंग आणि परिसर स्वच्छता करणे. (भाग ७,८) | ५,०४,२९६/- | ५,१००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 4 | मुंबईतील मादाम कामा रोड बी/७ (पहलागड) मंत्री बंगल्यात प्लास्टरिंग, पेंटिंग, पॉलिशिंग, विभाजन, वॉल पॅनेलिंग आणि फॉल्स सिलिंगचे काम करणे. | ८,४१,३८३/- | ८,५००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 5 | सी.पी ऑफिस कंपाउंड, मार्ग मुंबई येथील अतिरिक्त सी.प जे टी येथे केबिन क्राईम ४था मजला ॲडमिन बिल्डिंग, नूतनीकरण करणे. | ८,३९,९३५/- | ८,४००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 6 | ई.टी.एच. तळमजल्यावरील सभागृहात संविधान मंचाच्या उद्घाटन समारंभाच्या संदर्भात दरवाजा, खिडकी, दगड साफ करणे, पॉइंटिंग, टॉयलेट, प्लास्टर, पेंटिंग आणि परिसर स्वच्छता करणे. (भाग १,२,३) | ७,३९,७४८/- | ८,४००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 7 | एलटी मार्ग मुंबई सीपी क्राइम ४था मजला ॲडमिन बिल्डिंग, सीपी ऑफिस कंपाउंड, अतिरिक्त जेटी येथील अँटे चेंबरचे नूतनीकरण करणे. | ७,४६,५६५/- | ७,५००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 8 | जुन्या कस्टम हाऊसच्या फोर्ट प्लास्टर, पेंटिंग, फ्लोअरिंग आणि दादो, दरवाजे आणि खिडक्या, आणि ग्राउंडवर जेंट्स टॉवलेट ब्लॉक्सची सॅनिटरी फिटिंग, नूतनीकरण करणे, | ८,०३,१५०/- | ८,१००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 9 | जुने कस्टम हाऊस, फोर्ट, मुंबईच्या ग्राउंडवर लेडीज टॉयलेट ब्लॉक्सची, प्लास्टर, पेंटिंग, फ्लोअरिंग आणि दादो, दरवाजे आणि खिडक्या, पाणी पुरवठा आणि सॅनिटरी फिटिंग्जची दुरुस्ती आणि नूतनीकरण करणे. | ५,९९,८३१/- | ६,०००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 10 | कुलाबा, मुंबई येथील कुलाबा ऑफिस क्वार्टरचे पेव्हर ब्लॉक आणि टेरेस वॉटरप्रूफिंग प्रदान करणे. | ७,९३,३७३/- | ८,०००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 11 | एन. डी. रोड, मुंबई निलिमा बिल्डिंग, स्वच्छता आणि प्लंबिंग पाईप लाईनची दुरुस्ती करणे. | ८,४१,९८२/- | ८,५००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 12 | उच्च न्यायालय मुंबई येथे उच्च न्यायालयाच्या आवारात छत. एम.टी. सह वॉटर कुलर प्लॅटफॉर्मचे बांधकाम दुरुस्ती करणे. | ४,९०,०००/- | ४,९००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 13 | शहीद भगतसिंग मार्ग, मुंबई येथे जुन्या कस्टम हाउस, टाऊन हॉल परिसर प्लास्टर, रंगकाम, दरवाजा, खिडक्या दुरुस्ती करणे, | ८,१०,०१६/- | ८,२००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 14 | नवीन प्रशासकीय इमारत, मॅडम कामा रोड, मुंबई येथे १० व्या मजल्यावर सध्याची खराब झालेली पाईप लाईन आणि खिडक्या, दारे फिक्स्चर आणि फास्टनिंग, टॉयलेट ब्लॉक रूमची दुरुस्ती करणे. | ८,३१,५३८/- | ८,४००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 15 | नवीन प्रशासकीय इमारत, मादाम कामा रोड मुंबई येथे ११ व्या ते २०व्या मजल्यावर टॉयलेट ब्लॉक रूम खराब झालेले विद्यमान पाईप लाईन आणि खिडक्या, दरवाजे फिक्स्चर आणि फास्टनिंगची दुरुस्ती करणे | ८,३०,२२३/- | ८,४००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 16 | ओल्ड सेक्रेटरिएट एनेक्स बिल्डोंग, मुंबई मधील पेगों फ्लोअरिंग, विभाजन आणि विविध काम प्रदान करणे आणि निश्चित करणे. | ८,४०,६७७/- | ८,५००/- | ४ महिने | ब-१ | ५९०/- |
| 17 | कफ परेड मुंबई येथील १३ मजल्यावरील एमईआरसी कार्यालय येथे फॉल्स सिलिंगचे काम करणे | १,०५,५९१/- | १,१००/- | ४ महिने | ब-१ | ३३६/- |

कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई यांचे कार्यालयामध्ये सूचना फलकावार सविस्तर निविदा सूचना पहावयास मिळेल, एक किंवा सर्च निविदा कोणतेही कारण न देता रद्द ठरविण्याचा अधिकार राखून ठेवला आहे.

जा.क्र. इसषि/निलि/ २३४३
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय
इलाखा शहर विभाग, २ रा माळा,
बांधकाम भवन, २५ मर्झबान रोड, फोर्ट,
मुंबई ४०० ००१
दिनांचाः २७/२/२०२५
प्रत :- उप अभियंता, दक्षिण, पश्चिम, मध्य उप विभाग आणि अधीक्षक आमदार निवास मुंबई यांना माहितीसाठी रवाना.
प्रत :- सुचनाफलक

डीजीआयपीआर- 2024-25/6786

हस्ता/-
(व्ही. ए. पाटसकर)
कार्यकारी अभियंता,
इलाखा शहर विभ्भाग, मुंबई.

**मध्य रेल**
**सोलापुर मण्डल**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.:- सोला/वि/नि/2024/30R कार्य का नाम:** वाडी यार्ड को ए श्रेणी माल ढुलाई परीक्षण यार्ड में अपग्रेड करने के संबंध में कार्य का विद्युत सामान्य सेवा भाग । (पुनः आमंत्रण) **कार्य की लागत:** रु. 1,17,77,433.48/- **बोली प्रतिभूति:** रु. 2,08,900/- **कार्य पुरा करने की अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय:** दि. 24/03/2025 को 15.00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर करना है। **ANJ-41**

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**मध्य रेल**
**विभिन्न कार्य**

खुली निविदा संख्या:–1.PR-WHEEL-DPT-24-25-691 2. PR-IMS-3834-24-25-703 3. PR-IMS-5S-24-25-704 4. PR-PD-2701-24-25-712 5. PR-PD-2614-24-25-713. **अ. क्र:**1. **कार्य का विवरण:** मध्य रेलवे लोको वर्कशॉप, परेल में आईसीएफ एक्सल बॉक्स और अन्य रोलिंग स्टॉक के समान एक्सल बॉक्स का डाई पेनेट्रेशन टेस्ट (डीपीटी) **अनुमानित लागत (Rs):** ₹11,24,456/- **निविदा प्रपत्र का शुल्क (Rs.):** कुछ नहीं **ई एम डी:** ₹22,500/- **समापन अवधि:** 12 महिने **अ.क्र:** 2. **कार्य का विवरण:** लोको वर्कशॉप, परेल के आईएसओ 3834–2 प्रमाणन का तीन वर्षों के लिए नवीनीकरण **अनुमानित लागत** (Rs): ₹3,18,600/- **निविदा प्रपत्र का शुल्क** (Rs.): कुछ नहीं **ई एम डी:** ₹6,400/- **समापन अवधि:** 36 महिने **अ.क्र:** 3. **कार्य का विवरण:** लोको वर्कशॉप, परेल के ''5एस'' प्रमाणन का तीन वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकरण **अनुमानित लागत (Rs):** ₹2,43,198/- **निविदा प्रपत्र का शुल्क (Rs.):** कुछ नहीं **ई एम डी:** ₹4,900/- **समापन अवधि:** 36 महिने **अ.क्र:** 4. **कार्य का विवरण:** एलएचबी और आईआरवाई कोचों के लिए कॉइल स्प्रिंग स्क्रैगिंग और लोड डिफ्लेक्शन टेस्ट मशीन की एक बार मरम्मत और दो साल की व्यापक एएमसी (प्लांट नंबर 2701) **अनुमानित लागत** (Rs): ₹32,62,257/- **निविदा प्रपत्र का शुल्क (Rs.):** कुछ नहीं **ई एम डी:** ₹65,300/- **समापन अवधि:** 39 महिने **अंतिम तिथी (अ. क्रं. 1 से 4 तक):** 24.03.2025 **अ.क्र:** 5. **कार्य का विवरण:** स्मिथ शॉप में कॉइल स्प्रिंग टैस्टिंग मशीन (प्लांट:2614) की एकमुश्त मरम्मत **अनुमानित लागत (Rs):** ₹6,42,864/- **निविदा प्रपत्र का शुल्क (Rs.):** कुछ नहीं **ई एम डी:** ₹12,900/- **समापन अवधि:** 90 दिन **अंतिम तिथी:** 21.03.2025. केवल वे फ्रर्म, जो अपनी व्यक्तिगत क्षमता में निविदा शर्तों को पूरा करते हैं, इस निविदा के लिए विचार किए जाएँगे। उपरोक्त ई–निविदाएं जमा करने की तिथि **संबंधित समापन तिथियों** के अनुसार **17.00** बजे तक होगी। ई–निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की आधिकारिक वैबसाइटः **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। 813

Download UTS App for Tickets

# यूक्रेन के दुर्लभ खनिज पर अमेरिकी गिद्ध दृष्टि

शुक्रवार को पूरी दुनिया की निगाहें व्हाइट हाउस में होने वाली एक डील पर होंगी, जिसे एक देश पर थोपा जाना है। अमेरिका जिन देशों को आर्थिक मदद देता है, उसे किस रूप में वसूलता है, यह देखने के लिए भारत के लोग भी तैयार हो जाएं। यूक्रेन की लीडरशिप के लिए आगे कुआं-पीछे खाई वाली स्थिति है। जेलेंस्की पुतिन से बचने के वास्ते अमेरिका से मदद की अपेक्षा कर रहे थे, ट्रंप ने भूखे हिंस्र जंगल के राजा की तरह 'मेमने' को दबोच लिया। ट्रंप ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, 'मैंने सुना है कि वह शुक्रवार को आ रहे हैं। निश्चित रूप से, अगर वह चाहें तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। ट्रम्प ने कहा, कि यह डील एक ट्रिलियन डॉलर तक की हो सकती है, इससे अमेरिकी करदाताओं को उनका पैसा वापस मिल जाएगा।'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था, कि अमेरिका और यूक्रेन ने महत्वपूर्ण खनिजों के सौदे के मसौदे पर सहमति जताई है, जिसकी कीमत लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर हो सकती है। यह सौदा यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की द्वारा पहले के मसौदे को अस्वीकार करने के एक सप्ताह बाद हुआ है। ट्रम्प ने मंगलवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा कि ज़ेलेंस्की शुक्रवार को वाशिंगटन आकर एक 'बहुत बड़ी डील' पर हस्ताक्षर करना चाहते हैं। बुधवार शाम को, ज़ेलेंस्की ने कहा कि यह अमेरिका के साथ सहयोग के लिए एक आर्थिक ढांचा है, जिसमें अभी तक कोई अमेरिकी सुरक्षा गारंटी शामिल नहीं है।

पिछले हफ़्ते ज़ेलेंस्की ने एक पुराने ड्राफ्ट को अस्वीकार कर दिया था, क्योंकि इसमें यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी के बारे में विवरण नहीं था। ट्रंप अब भी बदले नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को कहा, 'मैं बहुत ज़्यादा सुरक्षा गारंटी नहीं देने जा रहा हूं। हम यूरोप से ऐसा करवाने जा रहे हैं।' नोक-झोंक में ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की को 'तानाशाह' तक कह डाला था। सोमवार को, ज़ेलेंस्की ने कहा था कि मैं शांति के लिए इस्तीफ़ा देने के लिए तैयार हूं। ज़ेलेंस्की ने मांग की, कि यूक्रेन को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की सदस्यता दी जानी चाहिए। लेकिन, वाशिंगटन ने नाटो का सदस्य बनने की मांग को 'अवास्तविक' करार दिया है। अमेरिका की गिद्ध दृष्टि यूक्रेन की दुर्लभ खनिज संपदा पर है। दुर्लभ मृदा खनिज वैश्विक स्तर पर पृथ्वी के गर्भ में पाए जाने वाले 17 भारी धातुओं का एक समूह है। नियोडिमियम, लैंथेनम, सेरियम, प्रेजोडियम, यिट्रियम, टेरबियम और यूरोपियम जैसे कुछ दुर्लभ मृदा तत्वों का उपयोग कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, टेलीविज़न, मोबाइल स्क्रीन और कैमरा लेंस जैसे उच्च तकनीक वाले उत्पादों के निर्माण में किया जाता है। वर्तमान में, ऐसे दुर्लभ खनिजों का सबसे बड़ा उत्पादक चीन है, जो दुनिया की आपूर्ति का कम से कम 60 प्रतिशत निकालता है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2024 में अमेरिका अपनी 80 प्रतिशत दुर्लभ खनिजों की जरूरतों के लिए चीन, मलेशिया, जापान और एस्टोनिया पर निर्भर था। कीव के साथ दुर्लभ खनिजों का सौदा करने के पीछे की मंशा, अमेरिका को बड़ी तकनीक का अधिकेंद्र बनाना है। अपने अभियान के



दौरान, ट्रम्प ने एक अन्य करीबी सहयोगी ताइवान पर अमेरिका के चिप व्यवसाय को चुराने का भी आरोप लगाया था। टैरिफ की धमकियों के बीच, ताइवान ने अमेरिका में निवेश बढ़ाने का वादा किया।

इस महीने की शुरुआत में, ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा था, कि हम यूक्रेन को वाशिंगटन द्वारा भेजे गए लगभग 375.8 बिलियन डॉलर की वापसी चाहते हैं। कीव को भेजी गई सहायता के बारे में ट्रम्प के अनुमान अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के विपरीत हैं। 'यूक्रेन ओवरसाइट' के अनुसार, 30 सितंबर, 2024 तक अमेरिका ने यूक्रेन की सहायता के लिए कुल 183 बिलियन डॉलर भेजे थे, जो यूक्रेन को भेजी गई सहायता को रिकॉर्ड करने के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा बनाई गई एक वेबसाइट है। जिस स्टाइल में ट्रंप यह सब कर रहे हैं, उसका दुनिया भर में विरोध होना शुरू हो गया है। 'सेंटर फॉर यूरोप एशिया स्टडीज' की निदेशक और

**पुष्परंजन**

'शिकागो काउंसिल ऑन ग्लोबल अफेयर्स' की सीनियर फेलो थेरेसा फॉलन ने कहा, 'ऐसा लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसा करके अंतर्राष्ट्रीय नीति के सभी मानदंडों को तोड़ दिया है, और वह इतना लेन-देन करके अमेरिका की बहुत सी सॉफ्ट पावर खो रहे हैं।' फॉलन ने फिर कहा, 'लेन-देन करना ठीक है, लेकिन यह तो जबरन वसूली है।'

यूक्रेन के पास 34 पदार्थों में से 22 मिनरल्स हैं जिन्हें यूरोपीय संघ 'महत्वपूर्ण कच्चे माल' के रूप में परिभाषित करता है। दुनियाभर में 110 मिलियन टन दुर्लभ खनिज हैं। इसमें से 44 मिलियन टन चीन में हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके अलावा ब्राजील में 22 मिलियन टन, वियतनाम में 21 मिलियन टन, रूस में 10 मिलियन टन, और भारत में 7 मिलियन टन दुर्लभ खनिज का अनुमान है। कोई सुरक्षा गारंटी नहीं, फिर भी जेलेंस्की अमेरिका के साथ समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, क्या यह किसी क़िस्म का ब्लैकमेल है? मॉस्को ने यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर रखा है, जिसमें क्रीमिया भी शामिल है, जिसे उसने 2014 में अपने साथ मिला लिया।

ठीक से देखा जाये, तो यूरोप के नेता इस ज़बरदस्ती के सौदे वाले सवाल पर बंटे हुए हैं। फ़्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दुर्लभ खनिज सौदे का समर्थन किया है। यूरोजोन की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी, दुर्लभ खनिज सौदे का विरोध कर रहा है। निवर्तमान जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स ने दुर्लभ खनिज सौदे के लिए ट्रंप के प्रयास की आलोचना करते हुए, इसे 'बहुत अहंकारी' और 'बहुत आत्मकेंद्रित' बताया। ओलाफ शॉल्त्स ने तर्क दिया है कि यूक्रेन को युद्ध के कारण हुए विनाश से उबरने के लिए अपने प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता है। विगत रविवार को जर्मनी के चुनाव में जीत हासिल करने वाले क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के नेता फ्रीडरिष मैर्त्स ने भी ज़ेलेंस्की पर ट्रंप के हमलों की निंदा की है। लेकिन, ट्रम्प यूरोपीय नेताओं द्वारा निंदा की परवाह नहीं करते। उन्होंने कहा, 'पिछले प्रशासन ने हमें बहुत खराब स्थिति में डाल दिया था, लेकिन हम एक ऐसा सौदा करने में सक्षम हैं, जिसके तहत हमें पैसा वापस मिलेगा, और भविष्य में बहुत सारा पैसा मिलेगा।'

रूस को इस सौदे से कोई आपत्ति नहीं है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा, कि अमेरिका और रूसी अधिकारी गुरुवार को इस्तांबुल में मिलेंगे। लेकिन ये लोग दिल्ली में क्यों नहीं मिलते? पीएम मोदी ने कितनी मेहनत की थी!

## संपादकीय

# कामयाबी का जनोत्सव

सरकारी आंकड़ों पर विश्वास करें तो इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों ने गंगा-यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम पर महाकुंभ के दौरान डुबकी लगायी। एक भगदड़ की घटना में कुछ श्रद्धालुओं का असमय काल-कवलित होना दुखद ही था। कुछ अग्निकांड भी हुए। लेकिन यदि बात करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम में स्नान व उनके आने-जाने व रहने की व्यवस्था की हो तो योगी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है। रूस-अमेरिका जैसी महाशक्तियों की आबादी से अधिक जनसंख्या का प्रबंधन निश्चय ही एक बड़ी चुनौती थी। ऐसे दौर में जब उपभोक्ता संस्कृति सिर चढ़कर बोल रही है, तब सनातन संस्कृति का ऐसा उफान चौंकाता है। जिसमें लोग तमाम कष्ट सहकर संगम में डुबकी लगाने को आतुर दिखे। त्याग-संयम से परिचित कराना कुंभ संस्कृति का उद्देश्य भी रहा है। इस तरह हमने अपने पुरखों की गौरवशाली विरासत का सम्मान किया। जिसमें सदियों से करोड़ों लोग बिना चिट्ठी-पत्री के स्वतःस्फूर्त भाव से कुंभ के मेले में जुटते रहे हैं। भारतीय संस्कृति में ऐसी क्या खासियत है? महाकुंभ जैसे इतने बड़े आयोजन कैसे सफलतापूर्वक होते हैं? यह देखने पूरी दुनिया के जिज्ञासु, विभिन्न धर्मों के अनुयायी, फोटोग्राफर और पत्रकार सदियों से महाकुंभ में जुटते रहे हैं। महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ ने पूरी दुनिया को युग-परिवर्तन की आहट और विशाल आयोजन की क्षमता से रूबरू कराया है। महत्वपूर्ण यह है कि तीर्थयात्रियों ने जिस तरह दिल खोल कर खर्च किया, वो निश्चय ही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का तारणहार बनेगा। बताते हैं कि इससे प्रदेश की जीडीपी में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा। जो देश की तमाम देशी-विदेशी इनवेस्ट समिटों से कहीं ज्यादा ठोस आय का स्रोत बना है। कई गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इस महाकुंभ के नाम हुए। वीरवार को तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र मुख्यमंत्री योगी को सौंपे गए। विपक्ष, खासकर सपा व कांग्रेस कुंभ आयोजन को लेकर हमलावर रहे हैं। वहीं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने महाकुंभ के समापन पर कहा कि ये सरकारी महाकुंभ है। असली कुंभ तो माघ पूर्णिमा को ही संपन्न हो चुका था। इस बार के महाकुंभ को टेक्नोलॉजी के महाकुंभ के रूप में भी याद किया जाएगा। महाकुंभ में विशेष एल्गोरिदम के जरिये इस्तेमाल पांच सौ एआई कैमरे क्राउड डेंसिटी व फैशियल रिकग्निशन के लिये इस्तेमाल किए गए। जिसके जरिये करोड़ों श्रद्धालुओं की गिनती संभव हुई। वहीं बिछुड़ों को परिजनों से मिलाने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निस्संदेह, इतने बड़े जनसैलाब को संभालना किसी भी सरकार के लिये बड़ी चुनौती होती है। लेकिन भविष्य में महाकुंभ के आयोजन के लिये प्रयागराज महाकुंभ के अनुभवों से सबक लेने की जरूरत है। इस बात का वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए कि भगदड़ को कैसे टाला जाए। आखिर क्यों दो सौ- तीन सौ किलोमीटर के जाम लगते रहे हैं। कैसे ट्रेनों का संचालन बिना किसी व्यवधान के किया जाए। हालांकि, 16 नई ट्रेनें चलाने की बात कही गई, लेकिन तमाम स्टेशनों पर ट्रेन में चढ़ने के लिये मारामारी होती रही है। दिल्ली रेलवे स्टेशन का हादसा इसका ज्वलंत उदाहरण है। महाकुंभ के सफल आयोजन ने बताया है कि देश में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। देश में महाकाल कोरिडोर व काशी कोरिडोर की तर्ज पर चारों कुंभ स्थलों पर संरचना निर्माण की दिशा में सोचा जाना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ से प्रेरित होकर महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों की शुरुआत कर दी है। महाकुंभ के समापन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का झाड़ू लेकर सफाई में जुटना और सफाईकर्मियों के बीच अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ भोजन करना एक प्रशंसनीय प्रयास हैं। वहीं कुंभ आयोजन की रीढ़ रहे पुलिसकर्मियों, सुरक्षाकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों, रोडवेज कर्मियों, सफाईकर्मियों को बोनस, छुट्टी और स्मृतिचिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देना एक अनुकरणीय पहल है। इससे ऐसे आयोजनों के लिये नई ऊर्जा मिलेगी।

## शख्सियत — पुथुवायिल नारायण पणिक्कर

# सांस्कृतिक और पुस्तकालय आंदोलन के जनक



पुथुवायिल नारायण पणिक्कर को भारतीय राज्य केरल में पुस्तकालय आंदोलन के जनक के रूप में जाना जाता है। उनके द्वारा शुरू की गई केरल ग्रांडशाला संघम की गतिविधियों ने केरल में एक लोकप्रिय सांस्कृतिक आंदोलन को जन्म दिया, जिसने 1990 के दशक में राज्य में सार्वभौमिक साक्षरता पैदा की।

पुथुवायिल नारायण पणिक्कर का जन्म 1 मार्च 1909 को भारत के नीलमपेरूर में एक नायर परिवार में गोविंदा पिल्लई और जानकी अम्मा के यहां हुआ था। 1926 में उन्होंने अपने गृह नगर में एक शिक्षक के रूप में सनदानधर्मम पुस्तकालय की शुरुआत की। वह एक शिक्षक थे और समाज पर उनका प्रभाव उनके समय के कई लोगों की तुलना में कहीं अधिक था।

पणिक्कर ने 1945 में 47 ग्रामीण पुस्तकालयों के साथ तिरुविथमकूर ग्रंथशाला संघम के गठन का नेतृत्व किया। संस्था का नारा था 'पढ़ो और बढ़ो'। बाद में, 1956 में केरल राज्य के गठन के साथ, यह केरल ग्रंथशाला संघम (KGS) बन गया। उन्होंने पढ़ने के मूल्य की घोषणा करते हुए केरल के गांवों की यात्रा की। वह लगभग 6,000 पुस्तकालयों को इस नेटवर्क में लाने में सफल रहे। ग्रांडशाला संघम ने 1975 में यूनेस्को से 'कृपकाया पुरस्कार' जीता। पणिक्कर 1977 तक 32 वर्षों तक संघम के महासचिव रहे, जब इसे राज्य सरकार ने अपने अधिकार में ले लिया। यह अंतर्निर्मित लोकतांत्रिक संरचना और वित्त पोषण के साथ केरल राज्य पुस्तकालय परिषद बन गया।

पणिक्कर का 86 वर्ष की आयु में 19 जून 1995 को निधन हो गया। केरल सरकार ने उनके योगदान को स्वीकार किया और आदेश दिया कि साक्षरता, शिक्षा और पुस्तकालय आंदोलन में उनके योगदान का सम्मान करने के लिए स्कूलों और सार्वजनिक संस्थानों में गतिविधियों की एक सप्ताह लंबी श्रृंखला के साथ 19 जून को वार्षिक रूप से वायनादीनम (पठन दिवस) के रूप में मनाया जाए। डाक विभाग ने 21 जून 2004 को एक स्मारक डाक टिकट जारी करके पणिक्कर को सम्मानित किया। 2010 में पी.एन. पणिक्कर फाउंडेशन के तत्वावधान में उनकी जन्मशती मनाई गई। 19 जून, उनकी पुण्य तिथि, 1996 से केरल में वायनादीनम (पठन दिवस) के रूप में मनाई जाती है।

## जीवन मंत्र

# दूसरों के सामने खुद को स्मार्ट दिखाना है तो ये 3 माइंड ट्रिक अपनाएं

कई बार ऐसा होता है कि हमारे सामने ही कोई झूठ बोलता है लेकिन हम उससे ये नहीं कह पाते कि भाई तुम झूठ बोल रहे हो। ऐसे में माइंड ट्रिक कहती है कि बस झूठ बोलने वाले की आंखों में देखो। झूठ पकड़ा गया।

दोस्तों या रिश्तेदारों की भीड़ में खुद के लिए रिस्पेक्ट तो हर किसी की चाह होती है। लेकिन काफी सारे लोग ऐसे होते हैं जो दूसरों के साथ बहस में नहीं जीत पाते हैं या फिर खुद की बेइज्जती को भी नहीं रोक पाते। क्योंकि हर किसी के आसपास कुछ ऐसे लोग होते हैं जो दूसरों को नीचा दिखाने या बेइज्जती करने का कोई मौका नहीं छोड़ते।

ऐसे लोगों के सामने खुद को स्मार्ट दिखाना है और बेइज्जती करने वाले का मुंह बंद करना है तो ये 3 माइंड ट्रिक जरूर जान लें। ह्यूमन साइकोलॉजी में बिहेवियर को लेकर काफी सारे बातें



बताई गई हैं। जिसमे से ये तीन बातें ज्यादातर स्मार्ट लोगों को पता होती है। जब भी कोई आपसे बहस करने लगे या झगड़ा कर रहा हो तो ऐसे मौके पर आवाज को ऊंची या तेज करने की बजाय धीमी ही रखें। जिस आवाज में आप बात करते हैं उसी आवाज में उससे बहस करें फिर वो चाहे जितनी भी तेजी से चिल्लाए।

आपका ये व्यवहार सामने वाले को और भी ज्यादा गुस्सा दिलाएगा क्योंकि वो आपके अंदर चीखने-चिल्लाने वाला लक्षण नहीं देख पाता। इससे खुद ही पीछे हट जाएगा। यानी कि आप बहस जीत जाएंगे। कई बार ऐसा होता है कि हमारे सामने ही कोई झूठ बोलता है लेकिन हम उससे ये नहीं कह पाते कि भाई तुम झूठ बोल रहे हो। ऐसे में माइंड ट्रिक कहती है कि बस झूठ बोलने वाले की आंखों में देखो। अगर तुम जान गए हो कि सामने वाला आपसे झूठ बोल रहा है तो उसकी आंखों में देखने से वो समझ जाता है कि उसका झूठ पकड़ा गया। काफी बार देखा गया है कि भरी महफिल में लोग एक दूसरे को ताने या बातों के जरिए बेइज्जत करते हैं। ऐसे वक्त में आप उससे लड़ भी नहीं पाते। जब भी ऐसी सिचुएशन सामने आए तो बेइज्जती करने वाले इंसान को देखकर पूछे क्या तुम ठीक हो।

ऐसा पूछने से वो सकपका जाएगा और सोचने लगेगा क्या जो उसने बोला वो सही था या गलत। इस तरह से आप अपनी बेइज्जती को होने से रोक सकते हैं और उसे एहसास दिला सकते हैं।

## जीवन ऊर्जा

मैरी कॉम : जन्म 1 मार्च 1983 — जन्म

# एक हार के बाद भी जिंदगी में बहुत सारे अवसर मिलते हैं

मैंगते चंग्नेइजैंग मैरी कॉम का जन्म 1 मार्च 1983 को मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक गरीब किसान के परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा लोकटक क्रिश्चियन मॉडल स्कूल और सेंट हेवियर स्कूल से पूरी की। मैंगते चंग्नेइजैंग मैरी कॉम (एम सी मैरी कॉम) जिन्हें मैरी कॉम के नाम से भी जाना जाता है, एक भारतीय महिला मुक्केबाज हैं। मैरी कॉम ने सन् २००९ में प्रथम बार नेशनल वुमन्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप जीती। अब तक वह ९० राष्ट्रीय खिताब जीत चुकी है।

अगर मैं दो बच्चों की मां होकर भी मेडल जीत सकती हूं तो आप सब भी ऐसा कर सकते हैं। आप मुझे एक उदाहरण के तौर पर लें और कभी भी हार ना मानें। मैं अपनी लगन और हिम्मत के कारण, इस मुकाम तक पहुंची हूं। एक खिलाड़ी के जीवन में, दबाव तो हमेशा बना ही रहता है, आपको इससे निपटना सीखना होता है। एक सफल मुक्केबाज होने के लिए एक मजबूत दिल का होना तो बहुत ज़रूरी है। कुछ महिलाएं शारीरिक रूप से तो बहुत मजबूत होती हैं पर जब कुछ कठिनाईयां और दवाब आता है तो वे असफल हो जाती हैं। एक हार के बाद भी जिन्दगी में बहुत सारे अवसर मिलते हैं। जो तुम बोते हो, वो तुम काटोगे। जो मैं बोती हूं, वो मैं काटूंगी। बॉक्सिंग से यह तो साबित



हो गया हैं, कि महिलाए, पुरुषों से किसी भी मामले में पीछे नहीं हैं। मुक्केबाजो के लिए मेरी सलाह है, कभी हार मत मानो, क्योकि हर किसी को अपने जीवन दूसरा मौका जरुर मिलता हैं।

मुझे मुक्केबाजी से बहुत प्रेम है, इसके बिना मैं अपनी कल्पना तक नहीं कर सकती हूं। मेरा वास्तविक उद्देश्य अधिक से अधिक महिला मुक्केबाजों को बेहतर प्रशिक्षण देना और उन्हें श्रेष्ठ मुक्केबाज बनाना है। मेरे पास कोई मौका नहीं था, न ही कोई सहारा था और यहां तक की मेरे करियर के ज्यादातर समय के दौरान मेरे पास कोई प्रायोजक भी नहीं था, लेकिन फिर अपनी लगन और हिम्मत के बल पर मैं यहां तक पहुंची। मेरे बच्चे मुझे मिस करते हैं और मैं भी अपने बच्चों को बहुत मिस करती हूं उनसे दूर रहना बहुत कठिन है, लेकिन मुझे किसी भी हाल में अपने देश के लिए 2012 लंदन ओलम्पिक में जाने का सपना पूरा करना है। मैं उम्मीद करती हूं कि यदि पूर्वोत्तर के लोगों द्वारा देश के लिए मेडल जीते जाने से उनके प्रति नस्लीय भेदभाव कम होगा। मैं कभी भी केवल अपनी ताकत या तकनीक पर ही निर्भर नहीं करती, बल्कि अपने दिमाग और मन की शक्ति पर भी भरोसा करती हूं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# बिना मेहनत नींद कहां से आएगी

किसी नगर में एक सेठ रहते थे। उनके पास अपार संपत्ति थी। लंबी-चौड़ी हवेली थी, नौकर-चाकरों की सेना थी। भरा पूरा परिवार था। सब तरह के सुख थे। पर एक दुख था सेठ को रात को नींद नही आती थी। कभी आंख लग भी जाती तो भयंकर सपने आते सेठ को बडी



बेचैनी रहती थी। उन्होंने बहुतेरा इलाज कराया, लेकिन रोग घटने के बजाय बढ़ता ही गया।

एक दिन एक साधु उस नगर में आए। वे बहुत पहुंचे हुए साधु थे। लोगों के दुख दूर करते थे। सेठ को पता लगा तो वह भी उनके पास गए और अपनी विपदा उन्हें कह सुनाई बोले-महाराज जैसे भी हो मेरा कष्ट दूर कर दीजिए।

साधु ने कहा-सेठजी आपके रोग का एक ही कारण है और वह यह कि आप अपंग हैं। सेठ ने विस्मय से उनकी ओर देखा पूछा- आप मुझे अपंग कैसे कह सकते है? यह देखिए-मेरे अच्छे खासे हाथ पैर हैं। साधु ने हंसकर कहा-अपंग वह नहीं होता, जिसके हाथ पैर नहीं होते। वास्तव में अपंग तो वह है जो हाथ पैर होते हुए भी उनका इस्तेमाल नहीं करता। तुम्हीं बोलो अपने शरीर से तुम कितना काम करते हो।

सेठ क्या जवाब देते वे तो हर छोटे बड़े काम के लिए नौकर पर निर्भर करते थे। साधु ने कहा कि अगर तुम अपने रोग से बचना चाहते हो तो हाथ पैर की इतनी मेहनत करो कि थककर चूर हो जाओ। तुम्हारी बीमारी दो दिन में दूर हो जाएगी।

सेठ ने यही किया। साधु की बात सही निकली। दूसरे दिन रात को सेठ को इतनी गहरी नींद आई कि वह चकित रह गये।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

# स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें



धूप से मुरझाये पौधे के लिए थोड़ा सा जल जीवनदायी बन जाता है एवं नैराश्य की आँच से संतप्त व्यक्ति के लिए थोड़ा सा सहारा प्राणदायी बन जाता है। मनुष्य को उस ईश्वर ने एक सामाजिक प्राणी बनाया है। समाज में घट रही प्रत्येक अच्छी-बुरी घटना के प्रति संवेदनशील रहना ही हमें और अधिक सामाजिक बनाता है। अपने साथ साथ समाज में रह रहे अन्य लोगों की वेदनाओं की चुभन हमारे हृदय में भी होनी ही चाहिए। सामाजिक प्राणी होने का अर्थ केवल इतना नहीं कि मनुष्य समाज के बीच में रहता है, अपितु यह है कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी भी हमारी होनी चाहिए। जो लोग निराशा में विषाद में अथवा तो अभाव में अपना जीवन जी रहे हैं अपनी सामर्थ्यानुसार उनसे जुड़े रहना ही हमें और अधिक मानवीय बनाकर एक स्वस्थ समाज के नवनिर्माण में अपना योगदान देता है।

## अपने विचार

तेजस्वी यादव अपनी पार्टी को बचाएं तब किसी और की चिंता करें। उन्हें जदयू के बारे में फिक्र नहीं करना चाहिए बल्कि अपनी पार्टी पर फोकस करना चाहिए।
**-अशोक चौधरी**, मंत्री, बिहार सरकार



भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र और दिल्ली में जैसा प्रदर्शन किया वह वैसा प्रदर्शन पश्चिम बंगाल में नहीं दोहरा पाएगी। बंगाल में हम पूरे दमखम के साथ भाजपा का सामना करेंगे।
**-ममता बनर्जी**, सीएम, पश्चिम बंगाल



मैं जन्म से हिंदू हूं और मरते दम तक हिंदू ही रहूंगा। मेरी जहां भी आस्था होती है वहां जाता हूं। 99 फीसदी ब्राह्मण मुझे मेरे विधानसभा क्षेत्र में वोट देते हैं। मैं सिद्धातों की राजनीति करता हूं।
**-डीके शिवकुमार,** डिप्टी सीएम कर्नाटक



विश्व के इतिहास में किसी भी राष्ट्र में अल्पसंख्यकों द्वारा बहुसंख्यक समाज का इस प्रकार निर्मम, क्रूर नरसंहार का कोई दूसरा उदाहरण हो तो बताएं अवश्य। याद रहे जगेंगे तभी बचेंगे।'
**-राजा भैया,** विधायक, उत्तर प्रदेश



**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

# म्हाडा की 100 दिवसीय कार्ययोजना की समीक्षा

## नागरिक शिकायतों के समाधान पर जोर

दीपक पवार | मुंबई

महाराष्ट्र गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के उपाध्यक्ष और सीईओ संजीव जायसवाल ने शुक्रवार को मुंबई सहित राज्य के सभी संभागीय बोर्डों की 100 दिवसीय कार्ययोजना के कार्यान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने नागरिक शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए महीने में दो बार जनता दिवस आयोजित करने के निर्देश दिए।



### परियोजनाओं की त्वरित स्वीकृति और निवेश बढ़ाने पर निर्देश

100 दिवसीय कार्ययोजना में शामिल परियोजनाओं की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृतियां तत्काल पूरी की जाएं। एक सप्ताह के भीतर निविदाएं जारी की जाएं और प्रक्रिया को न्यूनतम समय में पूरा किया जाए। म्हाडा कार्यालयों में साफ-सफाई अभियान चलाया जाए और उसकी फोटो रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, दिव्यांगों के लिए रैंप और हिरकणी कक्ष की स्थापना के निर्देश दिए। म्हाडा की गृह निर्माण परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए डेवलपर्स से बैठकें करने के निर्देश दिए। विभागीय बोर्ड के मुख्य अधिकारी हर मंगलवार को क्षेत्रीय परियोजनाओं का दौरा करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### जनता दिवस के आयोजन पर जोर

संजीव जायसवाल ने कहा कि जनता दिवस में नागरिकों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी आवेदन की सुविधा दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना में इस पहल को शामिल किया गया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा

संजीव जायसवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने लाभार्थियों की जियो टैगिंग में तेजी लाने और एमआईएस पोर्टल पर अधिकतम लाभार्थियों को जोड़ने के निर्देश दिए।

# उल्हासनगर आयुक्त की सीएसआर के तहत शहर के विकास में सहयोग की अपील

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर



शहर के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों को गति देने के लिए उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त मनीषा अव्हाले ने बैंक, डेवलपर्स और कंपनियों के प्रतिनिधियों से कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत मदद की अपील की।

### शहर के विकास के लिए विशेष प्रकोष्ठ की योजना

उन्होंने यह भी कहा कि सीएसआर से संबंधित कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक अलग प्रकोष्ठ स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। इस अवसर पर अपर आयुक्त किशोर गवस, उपायुक्त मोटघरे, मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे, मुख्य लेखा परीक्षक शरद देशमुख और नगर नियोजक बिरारी भी उपस्थित थे। महानगरपालिका आयुक्त ने सीएसआर के प्रभावी उपयोग से शहर के समग्र विकास और सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार लाने पर जोर दिया।

### बैठक में प्रमुख बैंक और कंपनियों की भागीदारी

शुक्रवार को महानगरपालिका मुख्यालय के स्थायी समिति हॉल में आयोजित बैठक में यूनियन बैंक, यस बैंक, एक्सिस बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एचडीएफसी बैंक और सेंचुरी रेयान के प्रतिनिधि शामिल हुए। आयुक्त मनीषा अव्हाले ने बैठक के दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों से शहर की सड़कों, पार्कों, स्कूलों और चौराहों के सौंदर्यीकरण, महानगरपालिका भवनों और कार्यालयों के जीर्णोद्धार के लिए सीएसआर के माध्यम से सहयोग करने का अनुरोध किया।

## खबर संक्षेप

### रईस जूनियर कॉलेज में छात्रों के लिए आकाश अवलोकन कार्यक्रम

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, भिवंडी में साइंस के छात्रों के लिए एक विशेष आकाश अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें खगोल विज्ञान के व्यावहारिक अनुभव से अवगत कराना था। कार्यक्रम दो भागों में आयोजित किया गया। पहले भाग में शाम 6 बजे स्कूल की टेरिस पर अंसारी मुहम्मद आसिम (प्रवक्ता, समदिया जूनियर कॉलेज) ने आकाश अवलोकन के महत्व पर पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्रों को सौरमंडल, ग्रहों के स्थान, उनके आकार और घूर्णन से जुड़ी रोचक जानकारी दी। इसके बाद फरहीन अंसारी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दूसरे भाग में मुकर्रम खान (प्रवक्ता, रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज) ने 'स्टेलेरियम एप्लीकेशन' की मदद से आकाशगंगा, विभिन्न ग्रहों, चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षित वालंटियर्स ने छात्रों को समूहों में बांटकर स्टेलेरियम ऐप के माध्यम से आकाशीय पिंडों का अवलोकन कराया।

### दिव्यांग व्यक्तियों के लिए खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

महापालिका के समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 मार्च और 2 मार्च 2025 को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को खेल और संस्कृति के माध्यम से प्रोत्साहित करना है। इन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन 1 मार्च 2025 को सुबह 11:00 बजे नानासाहेब फडके खेल संकुल, लालचौकी, कल्याण (प.) में महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड के हाथों किया जाएगा। प्रतियोगिता में 200 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खेल प्रतियोगिताओं में बुद्धिबल, कैरम जैसे बैठने वाले खेलों का समावेश होगा, जबकि मैदानी खेलों में गोला फेंक, निशानेबाजी, व्हीलचेयर प्रतियोगिता, दौड़ आदि शामिल होंगे।

# यातायात पुलिस और डॉक्टर की बहस

## मेडिकल कराने की बात पर पुलिसकर्मी खिसके

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

अंबरनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि मेले के दौरान स्वास्थ्य शिविर में सेवा देने के बाद घर लौट रहे एक जिला सर्जन पर यातायात पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप लगाया। जब डॉक्टर ने सभी का मेडिकल टेस्ट कराने की बात कही, तो पुलिसकर्मी वहां से खिसक गए। इस घटना को लेकर डॉक्टर ने ठाणे पुलिस आयुक्त से लिखित शिकायत की है।

### क्या है मामला?

उल्हासनगर-3 स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में कार्यरत जिला सर्जन मनोहर बंसोडे ने महाशिवरात्रि मेले के दौरान मरीजों की सेवा की। रात को लौटते समय वे अपनी एक्टिवा में पेट्रोल भरवाने के लिए कल्याण के प्रेम ऑटो चौक स्थित पेट्रोल पंप गए। इसी दौरान पुलिस अधिकारी यूनुस मुलानी और उनके दो सहयोगियों ने उन्हें रोका और शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप लगाया।



### मेडिकल जांच की बात पर पुलिसकर्मी भागे

जब बंसोडे ने तीनों पुलिसकर्मियों के मेडिकल टेस्ट की भी मांग की, तो वे धीरे-धीरे मौके से खिसक गए और कहने लगे कि "जाओ, तुम्हें माफ किया गया।" इस पर डॉक्टर ने जवाब दिया कि "कोई एहसान मत कीजिए, हम सबका मेडिकल होगा।" इसके बाद तीनों पुलिसकर्मी वहां से गायब हो गए। इस घटना से मानसिक उत्पीड़न महसूस कर रहे डॉक्टर बंसोडे ने ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबारे से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पहचान पत्र दिखाने के बावजूद उत्पीड़न

डॉ. बंसोडे ने यातायात पुलिस को अपना पहचान पत्र दिखाया, लेकिन उन्हें फिर भी जबरन मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाने की कोशिश की गई। इस पर डॉक्टर ने कहा कि सभी का एक साथ मेडिकल परीक्षण होना चाहिए, जिससे पुलिसकर्मी असहज हो गए।

# अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य)-2025 में शानदार प्रदर्शन

## 'सरताज' ट्रॉफी से सम्मानित, एकल और समूह नृत्य में जीते पुरस्कार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

चेन्नई में 26 और 27 फरवरी 2025 को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में आयोजित अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य)-2025 में मध्य रेल की सांस्कृतिक टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर "सरताज" ट्रॉफी हासिल की।

### अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता का उद्देश्य

अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता भारतीय रेलवे का एक वार्षिक आयोजन है, जिसमें नृत्य, नाटक और संगीत के तीन भाग होते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों और उनके आश्रितों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उन्हें मंच प्रदान करना और कला के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।

### प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



इस प्रतियोगिता में दो श्रेणियों - एकल शास्त्रीय नृत्य और समूह नृत्य में मुकाबले हुए। एकल शास्त्रीय नृत्य में मध्य रेल की रितुपर्णा भौमिक ने कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में मध्य रेल की टीम ने डांगी नृत्य (महाराष्ट्र-गुजरात की सीमा पर स्थित डांग क्षेत्र का लोक नृत्य) प्रस्तुत कर तीसरा स्थान हासिल किया। मध्य रेल की सांस्कृतिक टीम ने भारतीय रेलवे के सभी ज़ोनल रेलवे, कारखानों और उत्पादन इकाइयों के बीच सर्वश्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन के लिए "सरताज" ट्रॉफी भी जीती।

### मध्य रेल टीम का नेतृत्व और सराहना

इस प्रतियोगिता में मध्य रेल के कुल 23 कलाकारों (नर्तक, कोरियोग्राफर, संगतीकार, मेकअप कलाकार और सहायक) ने हिस्सा लिया, जिनका नेतृत्व टीम मैनेजर ने किया। मध्य रेल सांस्कृतिक अकादमी (CRCA) ने मंडल स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया और विजेता टीम को क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व के लिए चुना गया। मध्य रेल के महाप्रबंधक एवं सीआरसीए के संरक्षक श्री धर्म वीर मीना ने टीम को बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक एवं सीआरसीए अध्यक्ष श्री अरविंद मालखेड़े ने टीम की उपलब्धि की सराहना की और टीम वर्क के महत्व को रेखांकित किया।

# ग्रांट रोड और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच मेजर ब्लॉक



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पुल संख्या 5 के री-गर्डरिंग कार्य को पूरा करने के लिए शनिवार/रविवार अर्थात 01/02 मार्च, 2025 को 22:00 बजे से 11:00 बजे तक ग्रांट रोड और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर 13 घंटे का एक मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान अप एवं डाउन फास्ट लाइनों की सभी ट्रेनों को चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच धीमी लाइनों पर चलाया जाएगा। इस कारण ब्लॉक के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी तथा चर्चगेट की कुछ ट्रेनों को बांद्रा/दादर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट/रीवर्स कर दिया जाएगा।

# डॉ. ए.के. सिंह ने आईआरसीटीसी वेस्ट जोन, मुंबई में कंसल्टेंट/ पीआर का पदभार संभाला

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



भारतीय रेलवे के प्रतिष्ठित पीएसयू आईसीटीसी वेस्ट जोन मुंबई के क्षेत्रीय कार्यालय में कंसल्टेंट / पीआर का पदभार संभाल लिया है।

भारतीय रेल के प्रतिष्ठित जोन मध्य रेल में वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी के रूप में 6 वर्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी के रूप दो दशक से भी अधिक अपनी सेवाएं दी हैं। अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और मधुर व्यवहार से सभी का दिल जीतने वाले डॉ. ए.के. सिंह ने अब आईआरसीटीसी के वेस्ट जोन में कंसल्टेंट/ पीआर के रूप में अपना नया कार्यभार संभाल लिया है।

आईआरसीटीसी के वेस्ट जोन के ग्रुप जनरल मैनेजर श्री गौरव झा जी ने उनका सहर्ष स्वागत किया है और उनके अनुभव व समर्पण की सराहना की है। डॉ. सिंह की नियुक्ति से आईआरसीटीसी को जनसंपर्क के क्षेत्र में और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। रेलवे और यात्रियों के बीच सकारात्मक संचार और बेहतर समन्वय स्थापित करने में उनकी अहम भूमिका होगी। उनकी नियुक्ति से आयआरसीटीसी के पीआर क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होगा और यात्रियों को अधिक प्रभावी सेवा और संवाद का लाभ मिलेगा।

# बेस्ट उपक्रम को 'हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा दक्षता पुरस्कार 2025' से किया गया सम्मानित

## स्ट्रीट लाइट विद्युतीकरण में उत्कृष्टता के लिए मिला पुरस्कार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन उपक्रम (BEST) को "ऊर्जा परिवर्तन में शहरी स्थानीय निकाय उत्कृष्टता पुरस्कार - स्ट्रीट लाइट विद्युतीकरण" श्रेणी में "5वें हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा दक्षता पुरस्कार 2025" का विजेता घोषित किया गया है। यह पुरस्कार पूर्व ऊर्जा सचिव अनिल राजदान और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (PNGRB) के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन द्वारा प्रदान किया गया। बेस्ट एंटरप्राइजेज के विद्युत आपूर्ति विभाग के सहायक महाप्रबंधक बिलाल शेख और योजना विभाग के मुख्य अभियंता सुरेश पी. मकवाना ने 25 फरवरी 2025 को नई दिल्ली के ली मेरिडियन स्थित डिजायर हॉल में आयोजित 13वें हरित ऊर्जा शिखर सम्मेलन में यह ट्रॉफी और प्रमाण पत्र ग्रहण किया।




### स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ विकास में बेस्ट की भूमिका

इस सम्मान के माध्यम से विद्युत क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने में बेस्ट के योगदान को व्यापक रूप से मान्यता मिली है। बेस्ट उपक्रम के प्रभावी नेतृत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की भी सराहना की गई। भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित इस पुरस्कार समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने बेस्ट उपक्रम की उपलब्धि की सराहना की।

# म्हाडा में मराठी भाषा गौरव दिवस मनाया गया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के मुख्यालय में वरिष्ठ कवि व्ही. या. शिरवाडकर (कुसुमाग्रज) की जयंती को मराठी भाषा गौरव दिवस के रूप में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर म्हाडा के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 'कार्यालय कार्य' विषय पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मार्गदर्शन वसंत चौधरी ने किया, जो महाराष्ट्र सरकार में उप सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इसका उद्देश्य म्हाडा अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके कार्यालयीन कार्यों में मराठी भाषा के प्रयोग




को बढ़ावा देना था। कार्यशाला में प्रशासनिक लेखन, कार्यालय नोट, पत्र लेखन, अभिलेख वर्गीकरण और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर म्हाडा की मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वैशाली गड़पाले, जनसंपर्क अधिकारी एवं मराठी भाषा अधिकारी हेमंत पाटिल, उप मुख्य अधिकारी योगेश देशमुख, लेखा अधिकारी सुनील इंगवाले, संपत्ति प्रबंधक संजय माने, तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पारिवारिक मित्रों से मेल-जोल बढ़ेगा। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** — योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। आय में वृद्धि होगी। कार्यकुशलता का विकास होगा। घर-बाहर प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नए कार्य प्रारंभ करने की रूपरेखा बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मिथुन** — तीर्थाटन की योजना बनेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। वरिष्ठजनों का सहयोग प्राप्त होगा। समय पर काम पूरे होंगे। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यय में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। घर-परिवार में विवाद हो सकता है। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें।

**सिंह** — दांपत्य जीवन में प्रगाढ़ता आएगी। परिवार में कोई आयोजन हो सकता है। प्रसन्नता तथा व्यस्तता रहेगी। उत्साह में वृद्धि होगी। वरिष्ठजन सहयोग व मार्गदर्शन करेंगे। निवेश शुभ रहेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी।

**कन्या** — संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। समय पर कार्य होंगे। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला** — राजकीय बाधा उत्पन्न हो सकती है। विवाद न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक** — कष्ट, भय व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। सावधानी रहें। लेन-देन में सावधानी रखें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**धनु** — अज्ञात भय सताएगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

**मकर** — मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। पारिवारिक मांगलिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**कुंभ** — किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**मीन** — पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। बनते काम बिगड़ सकते हैं। व्यवसाय ठीक चलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। घर-परिवार में मतभेद संभव है।

# कुंडली मिलान में नाड़ी दोष का महत्त्व

भाग-3





प्रियंका जैन
9769994439

वेदोक्त श्लोक

अश्विनी रौद्र आदित्यो, अयर्मे हस्त ज्येष्ठयो।
निरिति वारूणी पूर्वा आदि नाड़ी स्मृताः॥
भरणी सौम्य तिख्येभ्यो, भग चित्रा अनुराधयो।
आपो च वासवो धान्य मध्य नाड़ी स्मृताः॥
कृतिका रोहणी अश्लेषा, मघा स्वाती विशाखयो।
विश्वे श्रवण रेवत्यो, अंत्य नाड़ी स्मृताः॥

आदि नाड़ी के अंतर्गत 1, 6, 7, 12, 13,18,19,24,25 वें नक्षत्र आते हैं।
मध्य नाड़ी के अंतर्गत 2, 5, 8, 11, 14, 17, 20, 23, 26 नक्षत्र आते हैं।
अन्त्य नाड़ी के अंतर्गत 3, 4, 9, 10, 15, 16, 21, 22, 27 वें नक्षत्र आते हैं।

गण

अश्विनी मृग रेवत्यो, हस्तः पुष्य पुनर्वसुः।
अनुराधा श्रुति स्वाती, कथ्यते देवतागण॥
त्रिसः पूर्वाश्चोत्तराश्च, तिसोऽप्या च रोहणी।
भरणी च मनुष्याख्यो, गणश्च कथितो बुधे॥
कृतिका च मघाऽश्लेषा, विशाखा शततारका।
चित्रा ज्येष्ठा धनिष्ठा, च मूलं रक्षोगणः स्मृतः॥

देव गण- नक्षत्र 1, 5, 27, 13, 8, 7, 17, 22, 15,।
मनुष्य गण- नक्षत्र 11, 12, 20, 21, 25, 26, 6, 4।
राक्षस गण- नक्षत्र 3, 10, 9, 16, 24, 14, 18, 23, 19।

स्वगणे परमाप्रीतिर्मध्यमा देवमर्त्ययोः।
मर्त्यराक्षसयोर्मृत्युः कलहो देव रक्षसोः॥

संगोत्रीय विवाह को कराने के लिए कर्म कांडों में एक विधान है, जिसके चलते संगोत्रीय लड़के का दत्तक दान करके विवाह संभव हो सकता है।

इस विधान में जो माँ-बाप लड़के को गोद लेते हैं। विवाह में उन्हीं का नाम आता है। वहीं ज्योतिष के वैज्ञानिक पक्ष के अनुरूप यदि एक ही रक्त समूह वाले वर-कन्या का विवाह करा दिया जाता है तो उनकी होने वाली संतान विकलांग पैदा हो सकती है।

अतः नाड़ी दोष का विचार ही आवश्यक है. एक नक्षत्र में जन्मे वर कन्या के मध्य नाड़ी दोष समाप्त हो जाता है लेकिन नक्षत्रों में चरण भेद आवश्यक है.

ऐसे अनेक सूत्र हैं जिनसे नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है। जैसे दोनों की राशि एक हो लेकिन नक्षत्र अलग-अलग हों. वर कन्या का नक्षत्र एक हो और चरण अलग-अलग हों. उदाहरण वर-ईश्वर (कृतिका द्वितीय), वधू उमा (कृतिका तृतीया) दोनों की अंत्य नाड़ी है। परंतु कृतिका नक्षत्र के चरण भिन्नता के कारण शुभ है।

एक ही नक्षत्र हो परंतु चरण भिन्न हों – यह निम्न नक्षत्रों में होगा।

आदि नाड़ी वर- आर्द्रा, (मिथुन), वधू- पुनर्वसु, प्रथम, तृतीय चरण (मिथुन), वर उत्तरा फाल्गुनी (कन्या)- वधू- हस्त (कन्या राशि)

मध्य नाड़ी वर- शतभिषा (कुंभ)- वधू- पूर्वाभाद्रपद प्रथम, द्वितीय, तृतीय (कुंभ)

अन्त्य नाड़ी वर- कृतिका- प्रथम, तृतीय, चतुर्थ (वृष)- वधू- रोहिणी (वृष)

वर- स्वाति (तुला)- वधू-विशाखा- प्रथम, द्वितीय, तृतीय (तुला)

वर- उत्तराषाढ़ा- द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ (मकर)- वधू- श्रवण (मकर)

## न्यूज़ ब्रीफ

### खूंखार नक्सली हिड़मा के गार्ड सहित हार्डकोर इनामी माओवादियों का सरेंडर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर शुक्रवार को एक नक्सली दम्पति समेत 7 हार्डकोर नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 32 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। इनमें एक माओवादी नक्सल संगठन के सबसे खूंखार कहे जाने वाले हिड़मा की सिक्यूरिटी में भी रहा है।

32 लाख के इनामी माओवादियों का सरेंडर सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि नक्सलियों की विचारधारा से परेशान होकर और राज्य सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 में सक्रिय 7 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें एक नक्सली दम्पति भी शामिल हैं।

### मोबाइल के चक्कर में फंस गया दारोगा और लग गयी हथकड़ी

**रांची।** एंटी करप्सन ब्यूरो ने रांची के कोतवाली थाना के एक दारोगा को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दारोगा एक व्यक्ति को मोबाइल थाना से छुड़ाने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। दारोगा की गिरफ्तारी की पुष्टि एसीबी के द्वारा की गई है। झारखंड पुलिस के एंटी करप्शन ब्यूरो ने रांची के कोतवाली थाना के दारोगा ऋषिकांत को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार आर्म्स एक्ट के एक आरोपी को कोतवाली थाना के द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान आरोपी का एक महंगा मोबाइल फोन भी थाना के द्वारा जब्त किया गया था। इस केस का आईओ ऋषिकांत ही था।

### महिला की डिलीवरी, परिजनों से धुलवाई एंबुलेंस

**मैहर।** जिले के सिविल अस्पताल अमरपाटन में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक प्रसूता को जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस में सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया। इस बीच प्रसूता की डिलीवरी एंबुलेंस में हो गई, और नवजात शिशु को जन्म होने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। डिलीवरी के दौरान गंदे हुए एंबुलेंस को प्रसूता के परिजनों से धुलवाया गया। जिसका वीडियो सामने आया है। मामले में जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने चालक और कर्मचारी को हटा दिया गया है। मध्य प्रदेश मैहर जिले के अमरपाटन सिविल अस्पताल में एंबुलेंस की सफाई कराने का मामला सामने आया। दरअसल, यह मैहर जिले के अमरपाटन तहसील के पगरा ग्राम का मामला है। जहां प्रसूता को प्रसव पीड़ा हुई, जिसके बाद पीड़िता के पति ने 108 जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस को फोन कर बुलाया।

# महाकुंभ में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को योगी सरकार का बड़ा तोहफा

- 75 हजार पुलिसकर्मियों को 'महाकुंभ सेवा मेडल'
- 10,000 का स्पेशल बोनस और एक सप्ताह की छुट्टी

**एजेंसी । प्रयागराज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ-2025 की समापन बेला पर पुलिसकर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कई अहम घोषणाएं की हैं। गुरुवार को महाकुंभनगर में आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम में उन्होंने 75,000 पुलिसकर्मियों को 'महाकुंभ सेवा मेडल' और 10,000 का स्पेशल बोनस देने की घोषणा की। इसके अलावा, ड्यूटी में तैनात जवानों को फेजवाइज एक सप्ताह का विशेष अवकाश भी दिया जाएगा।

### महाकुंभ की सफलता में पुलिस बल की अहम भूमिका



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने पुलिसकर्मियों के धैर्य और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

### 84,417 कर्मचारियों को मिलेगा प्रोत्साहन राशि

सीएम योगी ने महाकुंभ के प्रबंधन में शामिल कुल 84,417 कर्मचारियों को 10,000 प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। इसमें पुलिसकर्मी, होमगार्ड, परिवहन विभाग के संविदा कर्मी, सफाई कर्मी, गंगा सेवा दूत और प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अधिकारी शामिल हैं।

### पुलिस के बुनियादी ढांचे में सुधार

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। लखनऊ पुलिस लाइन में टूटी छतों और चारपाई पर सोते पुलिसकर्मियों की स्थिति देखकर सुधार के लिए तत्काल कदम उठाए गए।

# बसपा के पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल पर ईडी का शिकंजा

- यूपी में 10 अरब रुपये की तीन चीनी मिलें जब्त





**सहारनपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) की लखनऊ जोनल टीम ने गुरुवार को चीनी मिल घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए बसपा के पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और उनके रिश्तेदारों की तीन चीनी मिलें जब्त कर ली हैं। ये मिलें यूपी के बैतलपुर, भटनी और शाहगंज में स्थित हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 10 अरब रुपये बताई जा रही है।

### फर्जी तरीके से खरीदी गई थीं चीनी मिलें

ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि हाजी इकबाल और उनके सहयोगियों ने इन मिलों को बाजार मूल्य से बहुत कम कीमत पर हासिल किया था। यह अधिग्रहण नीलामी के जरिए किया गया था, लेकिन मिलों की वास्तविक कीमत जानबूझकर कम आंकी गई थी।

### अवैध खनन से जुटाई गई थी संपत्ति

आरोप है कि बसपा शासनकाल में हाजी इकबाल ने अवैध खनन से भारी संपत्ति अर्जित की और उसी धन से चीनी मिलें खरीदीं। जांच में यह भी सामने आया कि उनके रिश्तेदारों के नाम पर कई संपत्तियां दर्ज हैं और मिलों की खरीद में उनके बैंक खातों से पैसे का लेन-देन दिखाया गया था।

### ED की कार्रवाई और भविष्य की जांच

ईडी सूत्रों के अनुसार, इस मामले में आगे की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि अवैध खनन से अर्जित संपत्ति को अब्दुल वहीद एजुकेशनल ट्रस्ट के खातों में ट्रांसफर कर दिया गया था और इसे कर्ज और दान के रूप में दिखाया गया था।

हाजी इकबाल के खिलाफ 2014 में पहला मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद उनके खिलाफ मारपीट, हत्या, दुष्कर्म, धोखाधड़ी और धमकी देने जैसी कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए। फिलहाल उनके अधिकांश परिजन फरार हैं, जबकि उनके भाई महमूद अली और चार बेटे यूपी की अलग-अलग जेलों में बंद हैं।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भ्रष्टाचार

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर एफआईआर
- जिला प्रशासन ने जारी किया कुर्की का आदेश

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवधेश गौतम पर किरंदुल थाना में FIR दर्ज की गई है। अवधेश पर सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। PMGSY यानी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना विभाग ने अवधेश गौतम पर FIR दर्ज करवाई है।पुलिस ने अवधेश की गिरफ्तारी के लिए कई जगह छापामार कार्रवाई की है।लेकिन बताया जा रहा है कि वो फरार हैं।

### विधानसभा में उठा था मामला




आपको बता दें कि पिछले विधानसभा सत्र में दंतेवाड़ा जिले के धुर नक्सल प्रभावित इलाके मड़कामीरास से हिरोली तक सड़क निर्माण को लेकर कार्रवाई की घोषणा की गई थी। इस काम की स्वीकृति दो भागों में हुई थी। तत्कालीन कलेक्टर विनीत नंदनवार ने इस सड़क के निर्माण को दो भागों में बांटा। इसके लिए 1 करोड़ 96 लाख और 1 करोड़ 99 लाख स्वीकृत किए थे।

### क्यों अवधेश पर दर्ज हुई एफआईआर

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और ठेकेदार अवधेश गौतम ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर इस काम को हासिल किया था। इसके एवज में तत्कालीन जिला प्रशासन को भी लाखों रुपए घूस के तौर पर देने की बात सामने आई है। जिला प्रशासन के दबाव में स्थानीय स्तर पर ठेकेदारों को इस टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लेने से रोक दिया गया था।अधिकारियों के साथ सेटिंग कर उन्होंने 10 प्रतिशत अधिक दर पर इसका कार्यादेश प्राप्त किया था।

# पीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट रोपवे ने फिर पकड़ी रफ्तार

**एजेंसी । वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे पर सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के बावजूद प्रशासनिक तैयारियां तेजी से जारी हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) यूटिलिटी शिफ्टिंग और अन्य कार्यों को तेज करने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर रहा है।



### यूटिलिटी शिफ्टिंग पर प्रशासनिक बैठक

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को रोपवे परियोजना के अलाइमेंट में आने वाली यूटिलिटी शिफ्टिंग को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें जलकल विभाग और नगर निगम वाराणसी के अधिकारियों ने बताया कि टावर-23 पर जलकल की यूटिलिटी अधिकतम तीन दिनों में शिफ्ट कर दी जाएगी। वहीं, टावर-29 पर बैरिकेडिंग के लिए ट्रैफिक डायवर्जन की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।

### जल निगम और ट्रैफिक प्रबंधन की योजना

जल निगम के अधिकारियों ने जानकारी दी कि गोदौलिया चौराहे पर ट्रायल पिट का निर्माण 28 फरवरी से शुरू हो गया है। इसके लिए ट्रैफिक डायवर्जन की टाइमलाइन भी तय की जा रही है। वीडीए उपाध्यक्ष ने जल निगम को निर्देश दिया कि सीवर और स्ट्रोम वाटर पाइप लाइन का डायग्राम तैयार कर 1 मार्च तक प्रस्तुत करें।

### तीन महीने में रोपवे संचालन की योजना

बैठक में पुलकित गर्ग ने सभी विभागों को यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोर्ट का आदेश केवल पिलर नंबर 29 के लिए है, इसलिए अन्य क्षेत्रों में कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा। गर्ग ने कहा कि समयबद्ध तरीके से काम पूरा कर अगले तीन महीनों में कैंट से रथयात्रा तक रोपवे की शुरुआत करने की पूरी योजना बनाई जा रही है।



# 'रियल सिंघम' शिवदीप लांडे ने नई पारी का किया ऐलान

### 'रन फॉर सेल्फ' के बैनर तले बिहार में करेंगे काम

**पटना।** 'रियल सिंघम' के नाम से मशहूर पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने शुक्रवार को अपनी नई पारी की घोषणा की। उन्होंने 'रन फॉर सेल्फ' नामक पहल के तहत बिहार में रहकर सामाजिक कार्य करने का निर्णय लिया है। हालांकि, उन्होंने फिलहाल किसी भी राजनीतिक दल में शामिल होने से इंकार किया है। शिवदीप लांडे ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि वे अपनी इस नई पहल की शुरुआत 4 मार्च को मुंगेर से करेंगे। उन्होंने कहा कि मुंगेर से ही उन्होंने अपनी आईपीएस सेवा की शुरुआत की थी और अब वहीं से नई यात्रा भी शुरू करेंगे। इस दौरान वे बिहार के युवाओं से मिलकर उन्हें प्रेरित करने का कार्य करेंगे। लांडे ने कहा कि बिहार के युवा देश के हर क्षेत्र में आगे बढ़कर काम कर रहे हैं और राज्य की बेहतरी के लिए उन्हें सही दिशा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ₹मैं बिहार की दशा और दिशा सुधारने के लिए निकला हूं। मैंने खाकी वर्दी छोड़ी है, लेकिन अंदर से आज भी खाकी में हूं। हमें अब सिर्फ बिहार को बदलने के लिए काम करना है।




# ट्रेड वॉर की आशंका से धड़ाम हुआ शेयर बाजार

- ऑटो-FMCG में 20% से ज्यादा की गिरावट
- चीनी बाजार में इन्वेस्ट कर रहे विदेशी निवेशक
- 1 दिन में ही निवेशकों के 8.82 लाख करोड़ रुपये स्वाहा

**मुंबई।** 28 फरवरी को सेंसेक्स 1414 अंकों (1.90%) गिरकर 73,198 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 420 अंक (1.86%) गिरकर 22,124 के स्तर पर बंद हुआ। अक्टूबर 2024 से, निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ है। ये 5 महीने में 12% गिर चुका है। 1996 के बाद यह पहली बार है कि बाजार में लगातार पांच महीने गिरावट आई है। इससे पहले 1996 में जुलाई से लेकर नवंबर महीने के बीच बाजार में लगातार 5 महीने गिरावट दर्ज की गई थी। इन 5 महीनों के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 26% गिरा था।



### बीते 5 महीनों में निवेशकों की वेल्थ कितनी घटी है?

30 सितंबर 2024 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 474 लाख करोड़ रुपए था जो 28 फरवरी को घटकर 384 लाख करोड़ रुपए रह गया। यानी, 5 महीनों में निवेशकों की वेल्थ 90 लाख करोड़ रुपए घट गई है।

## शेयर बाजार में लगातार गिरावट के क्या कारण हैं?

**विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली**

विदेशी निवेशकों ने केवल पांच महीनों (अक्टूबर 2024-फरवरी 2025) में, भारतीय बाजार से 3.11 लाख करोड़ रुपए निकाल लिए। सितंबर और दिसंबर तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के कारण निवेशकों ने ये बिकवाली की है। इसके अलावा, चीनी अर्थव्यवस्था में सुधार की उम्मीदों ने निवेशकों को अट्रैक्ट किया। निवेशकों को चीनी कंपनियों के शेयर भारतीय कंपनियों के शेयरों की तुलना में ज्यादा सस्ते दिख रहे हैं।

**महंगाई अभी भी बड़ी चिंता का कारण**

खाने-पीने की चीजें महंगी होने से अक्टूबर 2024 में रिटेल महंगाई बढ़कर 6.21% पर पहुंच गई थी। ये महंगाई का 14 महीनों का उच्चतम स्तर था। हालांकि, खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से जनवरी 2025 में रिटेल महंगाई घटकर 5 महीने के निचले स्तर



4.31% पर आ गई थी। ये कमी निवेशकों का विश्वास बहाल करने के लिए काफी नहीं है।

**अर्थव्यवस्था के बढ़ने की धीमी गति**

हाल के महीनों में भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी हो गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की विकास दर 6.4% आंकी गई है जो 4 साल का निचला स्तर है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में GDP ग्रोथ रेट 8.2% रही थी। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह 6.7% रही थी। दूसरी तिमाही में यह संख्या गिरकर 5.4% पर आ गई। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के खराब प्रदर्शन से ग्रोथ धीमी रही।

**डोनाल्ड ट्रम्प की ट्रेड पॉलिसीज से निवेशक चिंतित**

भारत सहित अन्य देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसा को तैसा) लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकी से बाजार में अनिश्चितता है। ट्रम्प ने बीते दिनों कहा था, 'हम रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे। चाहे वो कोई भी देश हो- भारत या चीन, वे हम पर जितना चार्ज करते हैं, हम भी उतना ही करेंगे। हम व्यापार में बराबरी चाहते हैं। कनाडा और मेक्सिको पर 25% टैरिफ 4 मार्च से लागू होने जा रहा है।

# 12वें दौर में होगी 30 कोयला ब्लॉकों की नीलामी



**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि देश के ऊर्जा क्षेत्र में कोयला महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और 12वें दौर में कुल 30 कोयला ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी। रेड्डी मुंबई में आयोजित एक रोड शो के दौरान बोल रहे थे, जहां उन्होंने वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी और निवेश अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार कोयला परियोजनाओं की मंजूरी प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

रेड्डी ने हरित कोयला प्रौद्योगिकी को अपनाने और निजी क्षेत्र की भागीदारी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे कोयला आयात में कमी आएगी और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। 12वें दौर की नीलामी में भूमिगत खदानों को भी शामिल किया जाएगा।

# कर्मचारी भविष्य निधि पर 2024-25 के लिए 8.25% ब्याज दर बरकरार

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर 8.25% की ब्याज दर को बरकरार रखा है। सरकार की मंजूरी के बाद यह ब्याज दर ईपीएफओ के 7 करोड़ से अधिक ग्राहकों के खातों में जमा की जाएगी। फरवरी 2024 में ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को मामूली रूप से बढ़ाकर 8.25% किया था, जो 2022-23 में 8.15% थी। अब, केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने 2024-25 के लिए भी इसी ब्याज दर को जारी रखने का निर्णय लिया है।




### सरकार की मंजूरी जरूरी

सीबीटी के फैसले के बाद अब 2024-25 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर को अंतिम अनुमोदन के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा। सरकार की मंजूरी मिलने के बाद यह ब्याज दर ईपीएफओ ग्राहकों के खातों में जमा की जाएगी। मार्च 2020 में ईपीएफओ ने 2019-20 के लिए ब्याज दर घटाकर 8.5% कर दी थी, जो सात वर्षों में सबसे कम थी। 2018-19 में यह दर 8.65% थी। हालांकि, 2024-25 के लिए 8.25% ब्याज दर को बनाए रखना स्थिरता का संकेत देता है और इससे लाखों कर्मचारियों को फायदा होगा।

# भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत की प्रगति को लेकर शुक्रवार को चर्चा हुई। इस बैठक का उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच वाणिज्य और निवेश को बढ़ावा देना है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के बीच नई दिल्ली में बैठक हुई। इस दौरान एफटीए के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। पीयूष गोयल ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा, ₹आज नाश्ते पर यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते और व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद की प्रगति पर स्पष्ट और व्यावहारिक चर्चा हुई।₹ उन्होंने आगे लिखा कि भारत और यूरोपीय संघ अपने व्यापारिक और निवेश संबंधों को अगले स्तर तक ले जाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, शनिवार, 1 मार्च 2025



# सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

## इंग्लैंड की नजरें जीत के साथ समापन पर

एजेंसी | कराची

पिछला मुकाबला बारिश से धुलने के बाद दक्षिण अफ्रीका की नजरें चैंपियंस ट्रॉफी में अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। दूसरी ओर, शुरुआती दो मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी इंग्लैंड की नजरें जीत के साथ चैंपियंस ट्रॉफी का अंत करने पर टिकी होंगी। ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन ग्रुप बी से ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान इस दौड़ में शामिल हैं।



### सेमीफाइनल के लिए बेताब दिख रहा साउथ अफ्रीका

अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से जीत दर्ज करके न सिर्फ इंग्लैंड को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर किया, बल्कि अंतिम चार में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इन दोनों टीम के अभी तीन-तीन अंक हैं, जबकि अफगानिस्तान के दो अंक हैं। इंग्लैंड की टीम को अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा।

### अफ्रीका का पलड़ा थोड़ा भारी

इंग्लैंड के खिलाफ मैच में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है, क्योंकि उसकी टीम ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके अधिकतर खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। दूसरी तरफ इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी में जो रूट पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है। दक्षिण अफ्रीका की टीम बारिश से प्रभावित टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेल पाई है।

### फॉर्म में रेयान रिकेल्टन

इस मैच में रेयान रिकेल्टन ने शतक लगाया, जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा, रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्क्रम ने अर्धशतक जमाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 315 रन बनाए और इसके बाद अफगानिस्तान को 208 रन पर आउट कर दिया।

### पिछले 12 वनडे मैचों में से आठ में हार

दक्षिण अफ्रीका की टीम भले ही कागजों पर मजबूत नजर आती है और आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसका प्रदर्शन अच्छा रहा है लेकिन पिछले एक साल में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। दक्षिण अफ्रीका को पिछले 12 वनडे मैच में से आठ में पराजय झेलनी पड़ी थी।

### टीम

- दक्षिण अफ्रीका : तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करैम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रेयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

## इंग्लैंड के खेमे में खलबली

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में खेली गई ट्राई सीरीज में दक्षिण अफ्रीका फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा था। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में उसको अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी क्योंकि जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम जीत के साथ अपने अभियान का अंत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

### इंग्लैंड को बचानी होगी इज्जत

रूट को छोड़कर इंग्लैंड का कोई भी खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरा हुआ नहीं दिखता है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज में उसे सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम को हार के इस क्रम को तोड़ने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### बटलर ने छोड़ी सीमित ओवर टीम की कमान

इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपना पद छोड़ दिया है। इंग्लैंड का प्रदर्शन चैंपियंस ट्रॉफी में काफी खराब रहा था और टीम सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई थी। इंग्लैंड ने शुरुआती दोनों मैच गंवा दिए थे जिससे उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया था।



### इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में रूट ने 120 रन की शानदार पारी खेली थी लेकिन उसके अन्य बल्लेबाज फिर से अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। इंग्लैंड को अपने पहले मैच में गेंदबाजों की नाकामी के कारण ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार सामना करना पड़ा था।

**इंग्लैंड टीम**

जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक, रेहान अहमद, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जैमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।



## जोशुआ चेप्टेगी टोक्यो मैराथन में लेंगे हिस्सा

एजेंसी | कंपाला

युगांडा के ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी 2 मार्च को टोक्यो मैराथन में अपनी चुनौती पेश करेंगे। 5,000 मीटर और 10,000 मीटर में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीत चुके चेप्टेगी इस मैराथन में अच्छे प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। चेप्टेगी ने सिन्हुआ से बातचीत में कहा कि मैंने पिछले साल वेलेंसिया मैराथन में पदार्पण किया था और 37वें स्थान पर रहा था। अब मैं बेहतर स्थिति में हूं और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करता हूं। उन्होंने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से गहन प्रशिक्षण में जुटे हुए हैं। चेप्टेगी के साथ युगांडा के स्टीफन किस्सा भी टोक्यो मैराथन में उतरेंगे। किस्सा ने 2022 हैम्बर्ग मैराथन में 2:04:48 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

## पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ ने फीफा संशोधनों को दी मंजूरी

एजेंसी | इस्लामाबाद



पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) ने गुरुवार को फीफा द्वारा प्रस्तावित संवैधानिक संशोधनों को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी, जिससे देश की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में वापसी की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। फीफा ने 6 फरवरी को पीएफएफ द्वारा चुनावी सुधारों को खारिज करने के बाद पाकिस्तान पर आठ साल में तीसरी बार अंतरराष्ट्रीय निलंबन लगाया था। लाहौर में आयोजित असाधारण कांग्रेस में पीएफएफ ने 23-0 के मतों से संशोधनों को मंजूरी दी। इस बैठक में फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## बेला जेम्स श्रीलंका के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला से बाहर

एजेंसी | वेलिंगटन



न्यूजीलैंड महिला टीम की दाएं हाथ की बल्लेबाज बेला जेम्स दाएं पैर में ग्रेड-टू क्वाड्रिसेप स्ट्रेन की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गई हैं। उन्हें मैदान पर वापसी से पहले कम से कम तीन से छह महीने तक पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण लेना होगा। बेला जेम्स की जगह बल्लेबाज लॉरेन डाउन को न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया है। बेला को यह चोट न्यूजीलैंड की घरेलू एकदिवसीय प्रतियोगिता हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ ओटागो के मैच के दौरान लगी थी। बेला जेम्स ने पिछले साल वेलिंगटन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था। उन्होंने उस श्रृंखला में दो मैच खेले और कुल 51 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने बेला के बाहर होने पर निराशा जताई। उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के हवाले से कहा, ₹हम सभी बेला के लिए दुखी हैं। उसने दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार शुरुआत की थी।

## एफआईएच महिला प्रो लीग की तैयारी के लिए भारतीय गोलकीपरों ने लिया विशेष प्रशिक्षण

एजेंसी | नई दिल्ली

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (महिला) के घरेलू चरण से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रमुख गोलकीपर सविता पुनिया, बिचू देवी और बंसरी सोलंकी ने भुवनेश्वर में एक विशेष गोलकीपिंग कैंप में प्रशिक्षण लिया। इस कैंप का नेतृत्व नीदरलैंड के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी और 1990 विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता साइमन जीजप ने किया, जिसमें तकनीकी कौशल, खेल जागरूकता और मानसिक कंडीशनिंग पर विशेष ध्यान दिया गया।



### गोलकीपिंग कैंप का महत्व

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने इस शिविर की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा, ₹यह शिविर तीनों गोलकीपरों के लिए बेहद फायदेमंद रहा। उन्होंने बुनियादी चीजों में सुधार किया और गोलकीपर की मानसिकता को बेहतर तरीके से समझा। मैं साइमन के मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं और उम्मीद करता हूं कि यह हमारे गोलकीपरों के साथ एक लंबे सहयोग की शुरुआत होगी।₹

### सविता पुनिया ने बताया प्रशिक्षण का प्रभाव

अनुभवी गोलकीपर सविता पुनिया ने भी इस शिविर को प्रो लीग की तैयारी के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा, ₹साइमन जैसे अनुभवी कोच के मार्गदर्शन में हमें छोटे लेकिन महत्वपूर्ण तकनीकी समायोजन करने का अवसर मिला, जो उच्च दबाव की परिस्थितियों में बड़ा अंतर ला सकते हैं।₹ सविता पुनिया ने तकनीकी सुधारों पर बात करते हुए कहा कि हमने अपनी पोजिशनिंग, फुटवर्क और स्टिक कंट्रोल पर विशेष ध्यान दिया, ताकि त्वरित रिफ्लेक्स सेव को बेहतर बनाया जा सके। साथ ही, स्ट्राइकर की गतिविधियों को पढ़ने और उनके अनुसार प्रतिक्रिया देने का अभ्यास किया, जिससे हमें ओपन प्ले और शूटआउट दोनों में मदद मिलेगी। मानसिक कंडीशनिंग की अहमियत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 11 दिनों में आठ मैचों के व्यस्त कार्यक्रम के कारण मानसिक दृढ़ता बहुत जरूरी है।

## मुंबई के मैदानों से

### एमसीए द्वारा क्रिकेट संग्राहालय का निर्माण

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन वानखेड़े स्टेडियम स्थित गरवारे क्लब में क्रिकेट संग्रहालय का निर्माण करने जा रही है। इस संग्राहालय की आधारशिला जाने-माने राजनेता शरद पवार ने रखी। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाईक ने इस बारे में बातचीत करते हुए बताया कि यह संग्राहालय बॉर्सीलोना स्थित फुटबॉल संग्राहालय और लॉड्र्स स्थित क्रिकेट संग्राहालय की तर्ज पर विश्व स्तरीय होगा। बतौर नाईक एमसीए ने इस संग्राहालय के विषय में योजना बनाई है कि इसको मुंबई दर्शन की लिस्ट में शामिल किया जाए, जिससे कि मुंबई आने वाले बाहरी लोग मुंबई की अत्यंत शानदार विरासत से अवगत हो सके। एमसीए ने इस संग्राहालय को आगामी अगस्त तक तैयार करने की योजना बनाई है।

### अजन्ता फॉर्मा की 27 रनों से जीत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अजन्ता फॉर्मा स्पोट्र्स क्लब ने 14वें इंश्योरन्स शील्ड टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के एक नजदीकी मुकाबले में बीएमसी स्पोट्र्स क्लब को 27 रनों से हरा दिया। क्रॉस मैदान पर खेले गए मैच में रोहन गुलेकर के 40 रन और जतिन घरत के 39 रनों की मदद से अजन्ता फॉर्मा स्पोट्र्स क्लब ने बीएमसी स्पोट्र्स क्लब के समक्ष जीत के लिए 144 रनों का लक्ष्य दिया। उसके बाद अजन्ता स्पोट्र्स क्लब की टीम ने बेहतर क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी का प्रदर्शन किया, जिसके कारण विपक्षी टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट गवांकर 117 रनों से आगे नहीं बढ़ सकी। एक अन्य मैच में यूनाईटेड पटनी इंडस्ट्रीज स्पोट्र्स क्लब ने इंडिया फर्स्ट लॉईफ इंश्योरन्स स्पोट्र्स क्लब को चार विकेट से हराया।

# रेस 4 हिस्सा में रकुल



हाल ही में रकुल प्रीत सिंह अर्जुन कपूर के साथ फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म में नजर आईं। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म को ऑडियंस ने बहुत अच्छा रेस्पॉन्स नहीं दिया। लेकिन रकुल को जरूर एक बड़ी फिल्म मिल गई है। इस फिल्म का नाम 'रेस 4' है।

एक रिपोर्ट के अनुसार रकुल प्रीत सिंह रेस 4 की कास्ट को ज्वाइन करेंगी। यह फिल्म रमेश तोरानी के प्राडेक्शन हाउस तले बन रही है। जिसमें सैफ अली खान लीड रोल में नजर आएंगे। रकुल के किरदार के बारे में अभी डिटेल शेयर नहीं की गईं। रकुल की तरफ से भी अभी फिल्म को लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई है।

सैफ अली खाल ने रेस फ्रैंचाइजी की फिल्मों ग्रे शेड रोल किए हैं। यह फिल्म एक्शन, थ्रिलर से भरपूर होती है। इसमें हीरो के साथ-साथ हीरोइन का रोल भी काफी स्ट्रॉन्ग होता है। साथ ही एक्ट्रेस का ग्लैमरस अंदाज भी फिल्म में नजर आता है। अब देखना होगा कि रकुल 'रेस 4' फिल्म में क्या रोल करती हैं।

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' को बॉक्स ऑफिस पर सफलता ना मिली हो। लेकिन इस फिल्म में रकुल और अर्जुन कपूर की जोड़ी को पसंद किया गया। रकुल की एक्टिंग को भी ऑडियंस ने पसंद किया है, वह फिल्म में अपने रोल में काफी जंची हैं। फिल्म में भूमि पेडनेकर और स्टैंडअप कॉमेडियन हर्ष गुजराल भी नजर आए हैं।

# दिल की धड़कनें बढ़ा देगी सोहम शाह की क्रेजी

- निर्देशक : गिरीश कोहली
- कलाकार : सोहम शाह
- संगीत : विशाल भारद्वाज, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, जैस्पर किड
- गीत : गुलजार, आनंद बख्शी
- रेटिंग : 4 स्टार

4/5

सोहम शाह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'क्रेजी' आखिरकार आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है, और यह फिल्म अपनी अनोखी शैली और सस्पेंस से दर्शकों को बांधे रखने में सफल रही है। गिरीश कोहली के निर्देशन में बनी यह फिल्म मात्र 93 मिनट की है, लेकिन इतनी छोटी अवधि में भी यह दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ने में सक्षम है।



### सोहम शाह की दमदार परफॉर्मेंस

'तुंबाड़' के 7 साल बाद सोहम शाह ने बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी की है। पूरी फिल्म उनके किरदार डॉ. अभिमन्यु सूद के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में कोई हीरोइन, विलेन या को-स्टार नहीं है, सिर्फ टीनू आनंद की आवाज सुनाई देती है और एक जगह उनकी झलक दिखती है। यह एक सोलो परफॉर्मेंस फिल्म है, जिसे देखकर हॉलीवुड की कई यादगार फिल्में जेहन में आ जाती हैं।

### कहानी और सस्पेंस

फिल्म की कहानी डॉ. अभिमन्यु सूद नाम के डॉक्टर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी एक ऑपरेशन में असफलता के कारण 12 साल के बच्चे की मौत हो जाती है। अगर परिवार कोर्ट में केस करता है, तो डॉक्टर का जेल जाना तय होता है। इससे बचने के लिए वह 5 करोड़ रुपये देने को तैयार हो जाता है। लेकिन जब वह पैसे लेकर निकलता है, तो एक के बाद एक अजीब घटनाओं में फंसता चला जाता है। फिल्म का सस्पेंस शुरुआत से अंत तक बना रहता है, और दर्शकों को चौंकाने के लिए कई अप्रत्याशित मोड़ आते हैं।

### संगीत और बैकग्राउंड स्कोर

फिल्म का संगीत विशाल भारद्वाज ने दिया है, जो इसकी सबसे बड़ी खासियतों में से एक है। 'गोली मार भेजे में' का रीक्रिएटेड वर्जन दमदार है। 'ओ पापा' गाना भावुक कर देने वाला है, जो पिता-बेटी के रिश्ते पर आधारित है। बैकग्राउंड स्कोर हर सीन को इंटेंस और प्रभावी बनाने का काम करता है।

### निर्देशन की ताकत

गिरीश कोहली ने फिल्म को जिस तरह से गढ़ा है, वह काबिले-तारीफ है। पूरी फिल्म में एक इंटेंस माहौल बना रहता है, और छोटे-छोटे दृश्यों को बेहद प्रभावी तरीके से फिल्माया गया है। गाड़ी का खेतों में उतरना, चींटी के बिल में हाथ डालना जैसे सीन हॉलीवुड फिल्मों की याद दिलाते हैं।

### कमियां

फर्स्ट हाफ थोड़ा धीमा लग सकता है, लेकिन फिल्म कहीं भी बोरिंग नहीं होती। चूंकि यह फिल्म हॉलीवुड स्टाइल की है, इसलिए गाने ज्यादा यादगार नहीं लगते।

### देखें या न देखें?

अगर आप सस्पेंस, थ्रिल और इंटेंस ड्रामा पसंद करते हैं, तो 'क्रेजी' एक बेहतरीन अनुभव देगी। यह फिल्म भारतीय सिनेमा में कुछ नया करने की कोशिश है, और सोहम शाह ने अपने एकल अभिनय से फिल्म को संभालने में पूरी तरह सफल रहे हैं।

# डकैत में हुई अनुराग कश्यप की एंट्री



अदिवी शेष की आगामी फिल्म डकैत में मृणाल ठाकुर की एंट्री के बाद अब अनुराग कश्यप की एंट्री के साथ ही उनके किरदार से भी पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म में अनुराग एक इंस्पेक्टर की भूमिका में नजर आएंगे, जिसका नाम स्वामी है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म से एक और नए किरदार का पहला लुक जारी किया है, जिसे बॉलीवुड फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप निभाएंगे। इस फिल्म में अनुराग एक इंस्पेक्टर स्वामी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इंस्पेक्टर स्वामी का पहला लुक शेयर करते हुए निर्माताओं ने पोस्ट को कैप्शन दिया, ₹दीक्षा लो उन्ना पुलिस नन्नु पत्तुकुंटाडु अता.. नन्नु पत्तुकोवलांटे आ देवुडे डिजी रावली इमो.. डकैत में अद्भुत अनुराग कश्यप सर को लेकर बेहद खुश हूं।₹ फिल्म डकैत से अनुराग कश्यप तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। निर्देशक से अभिनेता बने अनुराग कश्यप इससे पहले तमिल फिल्मों में काम कर चुके हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### किसानों के विरोध प्रदर्शन पर 19 मार्च के बाद सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने किसानों के विरोध प्रदर्शन के मामले पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि किसानों और केंद्र सरकार के बीच दो राउंड की बातचीत हो चुकी है और तीसरे राउंड की बातचीत 19 मार्च को होनी है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई 19 मार्च के बाद के लिए स्थगित कर दी। किसान फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग समेत कई अन्य मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### जम्मू कश्मीर के राजनेता को बरी करने पर लगी रोक हटी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता त्रिलोचन सिंह वजीर की हत्या के मामले में जम्मू-कश्मीर के राजनेता सुदर्शन सिंह वजीर को बरी करने पर लगी रोक हटा दी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुइयां की पीठ ने कहा कि किसी को आरोपमुक्त करने पर रोक लगाना बेहद कठोर कदम है। इससे आरोपी की स्वतंत्रता पर अंकुश लग जाता है। पीठ ने कहा कि 21 अक्तूबर 2023, चार नवंबर 2024 के आदेश निरस्त किए जाते हैं। उन्हें अलग रखा जाता है। हाईकोर्ट पुनरीक्षण आवेदन पर फैसला करेगा, लेकिन फैसले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को आधार नहीं बनाया जाएगा

### कर्नाटक सरकार ने टैटू पार्लरों को रेगुलेट करने का लिया फैसला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने टैटू पार्लरों को रेगुलेट करने का फैसला लिया है। स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव बोले- स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार को नई गाइडलाइन बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिससे HIV और स्किन एलर्जी जैसी बीमारियों रोका जा सकेगा। साथ ही, टैटू में इस्तेमाल होने वाले केमिकल की जांच और उनके लिए मानक भी तय किए जाएंगे।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ताआनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट ने दावा किया कि रेलवे प्रशासन असल मौतों की संख्या छिपा रहा है। जहां आधिकारिक तौर पर 18 मौतें बताई गई थीं। वहीं चश्मदीदों के मुताबिक ये संख्या 200 तक हो सकती है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से इस दावे के सबूत मांगे और कहा- जो लोग प्रभावित हैं, वे खुद कोर्ट में आ सकते हैं।

### कोट्टायम में रेलवे ट्रैक पर तीन महिलाओं के शव मिले

**कोट्टायम।** केरल में शुक्रवार सुबह कोट्टायम के पास रेलवे ट्रैक पर तीन महिलाओं के शव मिले। पुलिस ने बताया कि मृतकों की उम्र,पहचान और अन्य जानकारी का अभी पता नहीं चल पाया है। संदेह है कि तीनों महिलाएं सुबह करीब 5:30 बजे कोट्टायम-नीलांबुर पैसेंजर ट्रेन के एर्नाकुलम की ओर जाते समय ट्रैक पर कूदकर जान दी होगी।

# गैंगस्टरों की खैर नहीं...

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, गृह विभाग के मंत्री आशीष सूद, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आईबी चीफ, दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हाई लेवल मीटिंग की। मीटिंग में दिल्ली की कानून-व्यवस्था और एक-दूसरे के साथ बेहतर कॉर्डिनेशन को लेकर चर्चा हुई। इसमें गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली पुलिस की यह प्राथमिकता होनी चाहिए कि दिल्ली में गैंगस्टरों और इंटरस्टेट गैंग्स को लेकर इनके खिलाफ सख्त से सख्त अप्रोच रखते हुए इन्हें समाप्त किया जाए।

**दिल्ली में कानून व्यवस्था को लेकर अमित शाह ने बनाया मास्टर प्लान**



### विकसित दिल्ली-सुरक्षित दिल्ली

शाह ने कहा कि दिल्ली की डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपेक्षाओं के अनुरूप विकसित दिल्ली-सुरक्षित दिल्ली के लिए दोगुना गति से काम करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के देश में घुसने से लेकर उनके डॉक्यूमेंट बनवाने और यहां रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। क्योंकि, अवैध घुसपैठियों का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। ऐसे में इसमें किसी भी तरह की कोई कोताही ना बरतते हुए इसमें पूरी सख्ती के साथ काम होना चाहिए। अवैध रूप से रहने वालों की पहचान कर इन्हें डिपोर्ट किया जाए। दिल्ली में ट्रैफिक जाम की समस्या पर भी गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली पुलिस रोजाना जाम लगने वाले स्थानों की पहचान करे। गृह मंत्री ने इसके लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर और दिल्ली के मुख्य सचिव को आदेश दिए कि वह मीटिंग करके इसका जल्द से जल्द समाधान निकालें। ताकि दिल्ली के ट्रैफिक जाम से जनता को राहत मिल सके। नार्कोटिक्स के मामलों में टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप अप्रोच के साथ काम करें और इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करें।

### दिल्ली दंगों के मामलों का त्वरित निपटान

उन्होंने 2020 दिल्ली दंगों के मामलों के त्वरित निपटान के लिए दिल्ली सरकार से कहा कि वह इसके लिए विशेष अभियोजक नियुक्त करे। जिससे इन मामलों का जल्द निपटारा किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली पुलिस अपने यहां अतिरिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को भी जल्द से जल्द शुरू करे। ताकि मैनपावर की कोई कमी ना रहे। गृह मंत्री ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को यह भी आदेश दिए कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और समय के साथ समाधान करने के लिए डीसीपी स्तर के अधिकारी थाना लेवल पर जाकर जनसुनवाई कैंप लगाएं। जहां जनता की समस्याओं का समाधान किया जा सके।

### शीला दीक्षित के बाद पहली बार ऐसी मीटिंग

बताया जाता है कि दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बाद ऐसा पहला मौका था जब दिल्ली की कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री और दिल्ली पुलिस कमिश्नर समेत अन्य आला अधिकारियों ने इस तरह से एक मंच पर मीटिंग हुई हो। जबकि दिल्ली में बीजेपी सरकार बनने के बाद यह पहली मीटिंग थी। मीटिंग में केंद्रीय गृह मंत्री ने निर्देश दिए कि दिल्ली में कंस्ट्रक्शन से संबंधित मामलों में दिल्ली पुलिस की परमिशन की जरुरत नहीं होगी। साथ ही उन्होंने दिल्ली पुलिस के ऐसे पुलिस थानों को चेतावनी देते हुए कड़े शब्दों में यह भी कहा कि जिन भी पुलिस थानों का प्रदर्शन लगातार खराब होगा। ऐसे पुलिस थानों और तमाम सब-डिवीजन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। ताकि जनता को भी यह मैसेज जाए कि अगर कोई पुलिस थाना लोगों की उम्मीदों पर खरा ना उतरते हुए इलाके में कानून-व्यवस्था सामान्य रख पाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है तो उसके पूरे थाने के खिलाफ भी एक्शन लिया जा सकता है।

**नान घोटाला**

# छत्तीसगढ़ के पूर्व एडवोकेट जनरल को राहत



## सुप्रीम कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित नागरिक आपूर्ति निगम (NAN) घोटाले में राज्य के पूर्व एडवोकेट जनरल सतीश चंद्र वर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने वर्मा को जांच में सहयोग करने का भी निर्देश दिया। इससे पहले छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### सरकार ने किया विरोध, वकीलों ने दी दलीलें

सुप्रीम कोर्ट में वर्मा की ओर से वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा और सुमीर सोढ़ी ने पैरवी की, जबकि छत्तीसगढ़ सरकार का पक्ष वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने रखा। राज्य सरकार ने उनकी जमानत का विरोध करते हुए कहा कि वर्मा के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं और उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की आवश्यकता है।

### क्या है 'नान घोटाला' मामला?

नागरिक आपूर्ति निगम (NAN) घोटाला छत्तीसगढ़ में खराब गुणवत्ता के चावल, अनाज और नमक की आपूर्ति से जुड़ा है। इस घोटाले में कई नौकरशाहों और प्रभावशाली लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनमें से कई की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। वर्मा पर आरोप है कि उन्होंने घोटाले के आरोपियों अनिल टुटेजा और आलोक शुक्ला को जमानत दिलाने में कथित रूप से मदद की थी।

### हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक की लड़ाई

एफआईआर दर्ज होने के बाद वर्मा ने उच्च न्यायालय में इसे चुनौती देते हुए अग्रिम जमानत की मांग की थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत है। इसके बाद वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से उन्हें राहत मिल गई है।

# पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा की मुश्किलें बढ़ीं

## कोर्ट के सामने पेश होने के निर्देश, अन्य आरोपियों को भी समन

**एजेंसी । बेंगलुरु**

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में पेश होने को कहा गया है। पॉक्सो मामले की अदालत ने इस संबंध में आदेश दिया है। अगली सुनवाई पहली फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। कोर्ट ने सह-आरोपी वाईएम अरुणा, रुद्रेश और मारुलासिद्धैया जी. मरिस्वामी को भी समन जारी किया है। इन सभी को उसी दिन पेश होने के लिए कहा गया है। हाईकोर्ट ने हाल ही में पूर्व सीएम येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में अग्रिम जमानत दी थी। बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत देते हुए हाईकोर्ट ने येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया था।



### हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा था

इससे पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा था। हाईकोर्ट ने एक नाबालिग से यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो केस को खारिज करने से मना कर दिया था और मामले को ट्रायल कोर्ट में वापस भेज दिया था। हालांकि, इसके साथ ही कोर्ट ने येदियुरप्पा को आंशिक राहत देते हुए अग्रिम जमानत दे दी थी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया था। जस्टिस नागप्रसन्ना ने ही पहले येदियुरप्पा को गिरफ्तारी के खिलाफ अंतरिम संरक्षण दिया था।

### येदियुरप्पा पर क्या लगे हैं आरोप?

बीएस येदियुरप्पा पर भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के साथ-साथ बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला पिछले साल 14 मार्च को 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर दर्ज किया गया था। महिला ने आरोप लगाया था कि येदियुरप्पा ने दो फरवरी को यहां डॉलर्स कॉलोनी में अपने आवास पर एक भेंट के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया था।

# आंध्र प्रदेश में 3.22 लाख करोड़ का बजट पेश

## किसानों को हर साल 20 हजार देने की घोषणा

**एजेंसी । अमरावती**



आंध्र प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 3.22 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट में किसानों, मछुआरों और छात्रों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने बजट में स्कूली शिक्षा के लिए 31,805 करोड़ रुपए और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 19,264 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

### किसानों और मछुआरों के लिए राहत

बजट में राज्य के किसानों को हर साल 20,000 देने की घोषणा की गई है। वहीं, मछली पकड़ने पर प्रतिबंध की अवधि में मछुआरों को 20,000 का हर्जाना देने का निर्णय लिया गया है। तल्लिकी वंदनम योजना के तहत इंटरमीडिएट तक के छात्रों को 15,000 देने का वादा किया गया है। इसका लाभ सरकारी और निजी स्कूलों दोनों में पढ़ने वाले छात्रों को मिलेगा। वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने अनुसूचित जाति (SC) के लिए 20281 करोड़ रुपए, अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए 8,159 करोड़ रुपए, पिछड़ा वर्ग (BC) के लिए 47,456 करोड़ रुपए और अल्पसंख्यकों के लिए 5,434 करोड़ रुपए का बजट प्रस्ताव रखा।

**कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाला**

# सीबीआई को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का निर्देश

**एजेंसी । नई दिल्ली**




सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को निर्देश दिया कि वह आरोपमुक्त किए गए एक कंपनी और तीन व्यक्तियों के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर करे।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई की। सीबीआई ने दिल्ली की एक विशेष अदालत के 9 अगस्त, 2024 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मनोज जायसवाल, संजीव झा, संजीव मुंजाल और मैसर्स कॉरपोरेट इस्पात एलॉयज को आरोपमुक्त कर दिया गया था।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आरोप मुक्त करने का आदेश अंतिम प्रकृति का है और इस पर दिल्ली हाईकोर्ट को विचार करना चाहिए। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता और विशेष सीबीआई अभियोजक आरएस चीमा ने सहमति जताई और कहा कि जांच एजेंसी सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस लेकर अब दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील करेगी।

# 6 मार्च तक बढ़ाया गया हथियार सरेंडर का समय

## गर्वनर भल्ला ने निर्देश जारी किए

**एजेंसी । इंफाल**

मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने लूटे गए और अवैध हथियारों को पुलिस को सौंपने की समय सीमा को बढ़ा दिया है। उन्होंने शुक्रवार को समय सीमा बढ़ाते हुए इसे छह मार्च शाम चार बजे तक कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में इस बात की जानकारी दी गई है। यह समय सीमा पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों के लोगों की अतिरिक्त समय दिए जाने की मांग के बाद बढ़ाई गई है।



### नहीं होगी कोई कार्रवाई

जारी बयान में कहा गया है, ''स्वैच्छिक रूप से हथियार सौंपने की सात दिन की समय सीमा समाप्त होने पर घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों ने इस अवधि को बढ़ाने का अनुरोध किया है। मैंने इन अनुरोधों पर विचार किया है और छह मार्च को शाम चार बजे तक समय सीमा बढ़ाने का फैसला किया है।''

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू

बता दें कि मई 2023 से इंफाल घाटी में मेइती और आसपास की पहाड़ियों पर बसे कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अपने पद से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद पूर्वोत्तर राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता पैदा हो गई थी। इसके बाद केंद्र ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था।

# पश्चिम बंगाल सीएम की चुनाव आयोग में शिकायत

## सुवेंदु अधिकारी बोले- ममता ने सभी हदें पार कीं

**एजेंसी । कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव आयोग (EC) में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता चुनाव आयोग की छवि खराब करने की कोशिश कर रही हैं। सुवेंदु ने X पर लिखा- आज मैंने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखकर ममता बनर्जी की चुनाव आयोग की छवि धूमिल करने की कोशिश को उजागर किया। उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं और बिना किसी आधार के आयोग पर आरोप लगाए हैं।

### क्या है मामला?

दरअसल, ममता ने 27 फरवरी को आरोप लगाया था कि भाजपा ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव फर्जी वोटरों के जरिए जीता है। इसमें चुनाव आयोग ने भाजपा की मदद की है। इन आरोपों पर सुवेंदु की प्रतिक्रिया आई है।

# दिल्ली विधानसभा में हेल्थ डिपार्टमेंट पर कैग रिपोर्ट पेश

## मोहल्ला क्लीनिक में टॉयलेट नहीं, स्टाफ की कमी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा में हेल्थ डिपार्टमेंट से जुड़ी नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में राजधानी दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे की खामियों को उजागर किया गया है।

CAG की 7 पन्नों की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी पाई गई। नर्स और डॉक्टरों की संख्या जरूरत से कम है, जिससे मरीजों को उचित इलाज मिलने में देरी हो रही है। वहीं, महिलाओं के स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त फंडिंग नहीं है।

### मोहल्ला क्लीनिक की खस्ताहाल स्थिति




रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के कम से कम 21 मोहल्ला क्लीनिकों में टॉयलेट की सुविधा नहीं है। अस्पतालों में स्टाफ की भारी कमी देखी गई, जिससे मरीजों को बड़े ऑपरेशन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। CAG रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली सरकार को दी गई राशि का सही तरीके से उपयोग नहीं किया गया। इस रिपोर्ट पर सोमवार को दिल्ली विधानसभा में विस्तृत चर्चा की जाएगी। वहीं, विधानसभा से निलंबित AAP विधायकों ने राष्ट्रपति से मिलने के लिए समय मांगा है।

# 'हमारा हिंदुस्तान जन्नत का वो बागीचा, जहां तहज़ीब का हर रंग फला-फूला'

## सूफी संगीत कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली के सुंदर नर्सरी में शुक्रवार शाम सूफी संगीत के कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूफी संगीत समारोह, जहान-ए-खुसरो 2025 में भाग लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने सूफी संगीत को सुनने का आनंद लिया।



### ऐसे कार्यक्रमों से सुकून मिलता है- पीएम मोदी

दिल्ली में जहान-ए-खुसरो कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'इस तरह के आयोजन न केवल देश की संस्कृति और कला के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि इनसे एक सुकून भी मिलता है। जहान-ए-खुसरो कार्यक्रम ने भी अपने 25 साल पूरे कर लिए हैं और इन 25 सालों में इस कार्यक्रम ने लोगों के दिलों में जगह बनाई है जो इसकी सबसे बड़ी सफलता है।'

### हमारा हिंदुस्तान जन्नत का बगीचा- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, 'जहान-ए-खुसरो के इस आयोजन में एक अलग खुशबू है। ये खुशबू हिंदुस्तान की मिट्टी की है! वो हिंदुस्तान, जिसकी तुलना हज़रत अमीर खुसरो ने जन्नत से की थी। हमारा हिंदुस्तान जन्नत का वो बागीचा है, जहां तहज़ीब का हर रंग फला-फूला है। यहां की मिट्टी के मिजाज में ही कुछ खास है।'

### सूफी परंपरा ने एक अलग पहचान बनाई

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में सूफी परंपरा ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। सूफी संतों ने खुद को महज मस्जिदों या खानकाहों तक सीमित नहीं रखा है। उन्होंने पवित्र कुरान के हर्फ़ पढ़े, तो वेदों के स्वर भी सुने। उन्होंने अज़ान की सदा में भक्ति के गीतों की मिठास जोड़ी है।